Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 134 | मंगलवार, 19 मई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया


## वीडी सतीशन ने ली केरलम के मुख्यमंत्री पद की शपथ, 20 विधायक कैबिनेट में शामिल

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**केरलम।** कांग्रेस नेता वी.डी. सतीशन ने सोमवार (18 मई, 2026) को तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में केरल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है और वह राज्य की यूडीएफ सरकार की कमान संभालेंगे। उन्हें राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शपथ दिलाई।

सतीशन के साथ-साथ यूडीएफ कैबिनेट भी शपथ ली। कैबिनेट में कांग्रेस के 11, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (IUML) के पांच और यूडीएफ के अन्य गठबंधन सहयोगियों को मंत्रिमंडल शामिल किया गया है।



### मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मंच पर मौजूद

शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य कांग्रेस नेता केरल के तिरुवनंतपुरम में मंच पर मौजूद रहे।

### यूडीएफ को मिला स्पष्ट जनादेश

कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) ने केरल में 2026 का विधानसभा चुनाव स्पष्ट जनादेश के साथ जीता। दस साल तक विपक्ष में रहने के बाद UDF को 46.55% वोट मिले।

इससे पहले 2001 में 49.05% वोट मिले थे। यह उसके 2021 के वोटों के हिस्से के मुकाबले 7.67 प्रतिशत अंकों की बढ़त है। वोटों में इस उछाल का नतीजा यह हुआ कि उसे 62 सीटें ज्यादा मिलीं, जिससे 2026 में UDF की सीटों की संख्या बढ़कर 102 हो गई।

### कौन-कौन से विधायक बने मंत्री?

कांग्रेस के रमेश चेन्निथला, सन्नी जोसेफ, के. मुरलीधरन, ए.पी. अनिल कुमार, पी.सी. विष्णुनाथ, टी. सिद्दीकी, बिंदु कृष्णा, के.ए. तुलसी, रोजी एम. जॉन, एम. लिजू और ओ.जे. जनीश।



आईयूएमएल के पी.के. कुन्हालीकुट्टी, एन. शमसुद्दीन, के.एम. शाजी, पी.के. बशीर और वी.ई. अब्दुल गफूर ने मंत्री पद की शपथ ली। अन्य गठबंधन सहयोगियों में से केरल कांग्रेस (जोसेफ) के मॉन्स जोसेफ, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के शिबू बेबी जॉन, केरल कांग्रेस (जैकब) के अनूप जैकब और कम्युनिस्ट मार्क्सवादी पार्टी के सी.पी. जॉन भी मंत्री बने हैं।

## पिता के निधन पर बारामूला के सांसद इंजीनियर राशिद को मिली अंतरिम जमानत, दिल्ली उच्च न्यायालय का आदेश

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को बारामूला सांसद अब्दुल राशिद शेख को उनके पिता के निधन के आधार पर 2 जून तक अंतरिम जमानत दे दी। उनके पिता का निधन 17 और 18 मई की दरमियानी रात को दिल्ली के एम्स अस्पताल में हुआ था। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और मधु जैन की खंडपीठ ने अदालत में दायर एक तत्काल याचिका पर सुनवाई के बाद सांसद को अंतरिम जमानत दी। इससे पहले, उन्हें अस्पताल में अपने पिता से मिलने के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी। वकील विख्यात ओबेरॉय ने याचिका की तत्काल सुनवाई के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष मामला उठाया था। उन्होंने अपीलकर्ता को अंतिम संस्कार करने, प्रथागत रीति-रिवाज निभाने और अन्य आवश्यक समारोह संपन्न करने के लिए अंतरिम जमानत की प्रार्थना की। 18 मई को खंडपीठ ने




आदेश दिया, अदालत ने दोनों पक्षों की सुनवाई की और अभिलेखों का अवलोकन किया। तदनुसार, अपीलकर्ता के पिता के निधन के कारण, अपीलकर्ता को 2 जून, 2026 तक अंतरिम जमानत दी जाती है। उच्च न्यायालय ने राहत प्रदान करते हुए कुछ शर्तें लगाईं। न्यायालय ने निर्देश दिया कि अंतरिम जमानत की पूरी अवधि के दौरान राशिद के साथ कम से कम दो सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारी रहेंगे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वे संबंधित जेल से यात्रा शुरू करने से लेकर श्रीनगर से लौटने तक उनके साथ रहेंगे। जेल अधीक्षक अपीलकर्ता के साथ जाने वाले पुलिस अधिकारियों को नामित करने के लिए स्वतंत्र हैं। अदालत ने अंतरिम जमानत अवधि के दौरान उनके रहने की सीमा जम्मू और कश्मीर में केवल दो निर्दिष्ट पतों तक सीमित कर दी है। इससे पहले, दिल्ली उच्च न्यायालय ने बारामूला सांसद अब्दुल राशिद शेख को एम्स में अपने पिता से मिलने की अनुमति दी थी। उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उसे उसी शाम तिहाड़ जेल से एम्स ले जाया जाए और फिर वापस तिहाड़ जेल लाया जाए। राशिद इंजीनियर एनआईए द्वारा दर्ज आतंकी वित्तपोषण मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। अधिवक्ता विख्यात ओबेरॉय और निशिता गुप्ता राशिद इंजीनियर की ओर से पेश हुए। 17 अप्रैल को हुई पिछली सुनवाई में बचाव पक्ष ने अदालत को बताया था कि राशिद के पिता गंभीर रूप से बीमार हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने मानवीय आधार पर एक महीने की अंतरिम जमानत की मांग की थी।

## बंगाल में महिलाओं को डबल तोहफा, अन्नपूर्णा योजना से मिलेंगे रु3000 , सरकारी बसों में यात्रा फ्री



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**पश्चिम बंगाल।** पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल ने महिलाओं को एक जून से 3,000 रुपये की मासिक सहायता प्रदान करने वाली अन्नपूर्णा योजना को सोमवार को मंजूरी देने के साथ ही महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की भी अनुमति दे दी। राज्य की मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने वाली और मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए न्यायाधिकरणों में आवेदन करने वाली महिलाओं को भी अन्नपूर्णा योजना का लाभ मिलेगा। मंत्री पॉल ने कहा, ''मंत्रिमंडल ने एक जून से महिलाओं को 3,000 रुपये की मासिक सहायता देने वाली अन्नपूर्णा योजना को मंजूरी दे दी है। साथ ही, मंत्रिमंडल ने एक जून से सरकारी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की अनुमति देने वाले प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।'' उन्होंने बताया कि सरकार ने अपने कर्मचारियों, संबद्ध वैधानिक निकायों, शिक्षा बोर्ड और राज्य द्वारा संचालित शिक्षा संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए सातवें राज्य वेतन आयोग के गठन को भी मंजूरी दे दी है। पॉल ने कहा, बंगाल मंत्रिमंडल ने धार्मिक वर्गीकरण के आधार पर समूहों को दी जाने वाली सरकारी सहायता जून से बंद करने का निर्णय लिया है। सरकार ने मौजूदा राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची भी कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार रद्द कर दी है और आरक्षण पात्रता निर्धारित करने के लिए एक जांच समिति का गठन करेगी।

## पाकिस्तान का 'बाल जासूस' आतंकी साजिशः गाजियाबाद में 5 नाबालिगों पर एनआईए ने कसा शिकंजा

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को कानून से संघर्ष कर रहे पांच नाबालिगों (जेसीएल) के खिलाफ पाकिस्तान से जुड़े आतंकी षड्यंत्र के मामले में अपनी जांच रिपोर्ट दाखिल की। इस षड्यंत्र में भारत की सुरक्षा को खतरे में डालने के इरादे से संवेदनशील स्थानों की जासूसी करने का आरोप है। एनआईए ने बीएनएस 2023, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम और यूए (पी) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष अपनी विस्तृत जांच रिपोर्ट दाखिल की है। विज्ञप्ति के अनुसार, गाजियाबाद जासूसी मामले में अब तक कुल 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह मामला मूल रूप से स्थानीय पुलिस द्वारा मार्च 2026 में रेलवे स्टेशनों के संवेदनशील स्थलों पर सौर ऊर्जा से चलने वाले कैमरे लगाने और इन कैमरों से पाकिस्तान में




संदिग्ध आतंकवादियों को लाइव प्रसारण उपलब्ध कराने के आरोप में दर्ज किया गया था।

जांच अपने हाथ में लेने के बाद, एनआईए ने पाया कि इन पांच नाबालिगों ने अन्य सह-आरोपियों के साथ मिलकर संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादियों को संवेदनशील प्रतिष्ठानों की तस्वीरें और वीडियो, साथ ही उनके सटीक जीपीएस निर्देशांक प्राप्त करने में सहायता की थी, जिसका उद्देश्य भारत की संप्रभुता, एकता, अखंडता और सुरक्षा को खतरे में डालना था। एनआईए की जांच में आगे पता चला कि नाबालिगों ने अवैध रूप से निषिद्ध/संवेदनशील महत्वपूर्ण क्षेत्रों में घुसपैठ की, उनके पास पहुंचे और उनमें प्रवेश किया।

उन्होंने जासूसी कैमरे लगाने और संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादियों को जियो-टैगिंग सहित तस्वीरें और वीडियो जैसी संवेदनशील जानकारी भेजने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया था। नाबालिगों ने संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादियों को भारतीय धरती पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भारतीय सिम कार्ड प्राप्त करने और उनका उपयोग करने में भी सहायता की थी। मामले में शेष गिरफ्तार आरोपियों और अन्य संदिग्धों के खिलाफ जांच जारी है।

इससे पहले 16 मई को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कंबोडिया में मानव तस्करी और साइबर गुलामी के एक मामले में फरार मुख्य आरोपी समेत पांच लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। शुक्रवार को पटना (बिहार) स्थित एनआईए की विशेष अदालत में दायर आरोपपत्र में मुख्य आरोपी आनंद कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह और चार अन्य सह-आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। आरोपपत्र में शामिल तीन सह-आरोपी, उत्तर प्रदेश के अभय नाथ दुबे और रोहित यादव तथा बिहार के अभिरंजन कुमार को इस साल फरवरी में कंबोडिया से पटना पहुंचने पर गिरफ्तार किया गया था। पांचवें आरोपी, प्रहलाद कुमार सिंह को जमानत मिल चुकी है।

## ये है भारत की पहली बुलेट ट्रेन, रेल मंत्रालय ने दिखाई झलक; रूट भी हुआ फाइनल



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने देश की बुलेट ट्रेन का डिजाइन पेश किया है। यह ट्रेन मुंबई और अहमदाबाद के बीच चलेगी। रेलवे मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजधानी में इस ट्रेन की एक तस्वीर प्रदर्शित की है। समाचार एजेंसी एएनआइ ने भारतीय रेलवे के एक बयान के हवाले से बताया, देश की पहली प्रस्तावित बुलेट ट्रेन की एक तस्वीर रेलवे मंत्रालय में प्रदर्शित की गई है। यह तस्वीर गेट नंबर 4 पर लगाई गई है। भारतीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फरवरी 2026 में लोकसभा को बताया कि 508 किलोमीटर लंबा मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (MAHSR) प्रोजेक्ट महाराष्ट्र, गुजरात और केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली से होकर गुजरेगा। अश्विनी वैष्णव ने बताया था कि मुंबई से अहमदाबाद के बीच चलने वाली बुलेट ट्रेन के इस रूट पर 12 स्टेशन होंगे- मुंबई, ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती। भारतीय रेलवे के मुताबिक, MAHSR प्रोजेक्ट के लिए, गुजरात के आठ स्टेशनों (वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, आनंद, वडोदरा, अहमदाबाद और साबरमती) पर नींव का काम पूरा हो चुका है। महाराष्ट्र में ठाणे, विरार और बोईसर में काम चल रहा है, जबकि बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (BKC) स्टेशन पर खुदाई का काम लगभग पूरा होने वाला है।

## 'प्यार से नहीं माने तो दूसरा तरीका अपनाएंगे': सड़कों पर नमाज को लेकर सीएम योगी का 'शिफ्ट सिस्टम' प्लान

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**उत्तर प्रदेश।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नमाज नियमित रूप से अदा की जानी चाहिए और जनता की असुविधा से बचने के लिए जरूरत पड़ने पर इसे बारी-बारी से भी अदा किया जा सकता है। लखनऊ में एक जनसभा में इस मुद्दे को संबोधित करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रशासन पहले समझाने-बुझाने के जरिए ही लोगों को नमाज पढ़ने के लिए मनाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आपको नमाज अदा करनी ही होगी, आप अपनी बारी में पढ़ सकते हैंङ्ग हम आपको प्यार से मना लेंगे, अगर आप नहीं मानते हैं, तो हम कोई दूसरा तरीका अपनाएंगे।



उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कें आवागमन के लिए हैं और सड़कों पर नमाज पढ़कर यातायात अवरुद्ध करने के किसी भी व्यक्ति के अधिकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुझसे अक्सर पूछा जाता है कि क्या उत्तर प्रदेश में लोग सचमुच सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ते हैं? मैं स्पष्ट रूप से कहता हूं कि ऐसा बिल्कुल नहीं होता - जाकर खुद देख लीजिए। सड़कें आवागमन के लिए हैं। क्या कोई भी चौराहे पर आकर तमाशा खड़ा कर यातायात अवरुद्ध कर सकता है? सार्वजनिक आवागमन में बाधा डालने का किसी को क्या अधिकार है?

मुख्यमंत्री योगी ने आगे कहा कि यदि आवश्यक हो तो बारी-बारी से नमाज पढ़ने की व्यवस्था की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने मुझसे कहा, 'यह कैसे संभव होगा, हमारी संख्या बहुत अधिक है?' हमने जवाब दिया कि बारी-बारी से नमाज पढ़ी जा सकती है। यदि घर में जगह नहीं है, तो उसी के अनुसार संख्या का प्रबंधन करें। अनावश्यक भीड़ नहीं बढ़ानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कानून का शासन सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होता है और सार्वजनिक स्थानों का दुरुपयोग नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि सरकार का शासन ही कानून का शासन है। यह सभी पर समान रूप से लागू होता है। नमाज पढ़ना अनिवार्य है - आप अपनी ड्यूटी के दौरान पढ़ सकते हैं। हम इसे रोकेंगे नहीं, लेकिन सड़क पर नहीं।

मुख्यमंत्री योगी ने पहले भी इसी तरह के बयान दिए हैं, खासकर 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान, जब उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पर सड़कों पर नमाज पढ़ने की अनुमति देने का आरोप लगाया था और दावा किया था कि हिंदू त्योहारों से पहले कर्फ्यू लगाया जाता है। उन्होंने लगातार यह बात दोहराई है कि सार्वजनिक सड़कों और बुनियादी ढांचे का उपयोग इस तरह से नहीं किया जाना चाहिए जिससे यातायात या दैनिक आवागमन बाधित हो।

## शादी, शक और ड्रग्सः ससुराल वालों के आरोप में कैसे उलझी ट्विशा की डेथ मिस्ट्री?

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**भोपाल।** भोपाल की मॉडल और एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत का मामला हर दिन और उलझता जा रहा है। मौत से महज पांच दिन पहले मां को भेजे गए व्हाट्सएप मैसेज में ट्विशा ने ससुराल वालों और पति पर मानसिक प्रताड़ना, चरित्र पर शक और भी कई आरोप लगाए थे।



वहीं सास गिरिबाला सिंह ने कोर्ट में जमानत अर्जी में ट्विशा पर ड्रग्स लेने का गंभीर आरोप लगाया है। दोनों पक्षों के दावों ने पूरे मामले को और उलझा दिया है। ट्विशा शर्मा की शादी 9 दिसंबर 2025 को दिल्ली में समर्थ सिंह के साथ हुई थी। यह शादी एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए से तय हुई थी। ट्विशा पहले तेलुगु फिल्मों समेत कई भाषाओं की फिल्मों में काम कर चुकी थीं और मॉडलिंग भी करती थीं। शादी के बाद वह भोपाल में ससुराल आ गई थीं। 7 मई 2026 को ट्विशा ने अपनी मां को कई व्हाट्सएप मैसेज भेजे। इनमें उन्होंने लिखा, 'बहुत परेशान हूं ये लोग बहुत घटिया हैं।' ट्विशा ने आरोप लगाया कि उनका पति समर्थ सिंह उनके चरित्र पर शक करता था और पूछता था कि 'पेट में पल रहा बच्चा किसका है?' उन्होंने मां से गुहार लगाई, 'मुझे यहां से आकर ले जाओ ये लोग मुझे जीने नहीं देंगे।' चैट में ट्विशा ने बार-बार घर का माहौल नर्क बताते हुए मानसिक रूप से टूटने की बात दोहराई थी। 12 मई 2026 की रात करीब 10 बजे ट्विशा ने घर की छत पर सरिये से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जैसा कि सास की जमानत अर्जी में दावा किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पति समर्थ सिंह फरार है। पुलिस ने समर्थ सिंह पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। सास गिरिबाला सिंह की जमानत अर्जी में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। उन्होंने बताया कि ट्विशा शादी से पहले फिल्म अभिनेत्री और मॉडल थीं। शादी के बाद उनके व्यवहार पर परिवार को शक हुआ। सास का आरोप है कि ट्विशा ड्रग्स लेती थीं। अगर कुछ समय तक ड्रग्स न मिलती तो उनके हाथ कांपने लगते और वे चिड़चिड़ी हो जातीं।

## हरिद्वार में मचा हड़कंपः 'हर की पौड़ी' को बम से उड़ाने की धमकी, साजिश रचने वाला आरोपी गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के पवित्र तीर्थ स्थल हरिद्वार में सोमवार को उस समय भारी सनसनी और दहशत फैल गई, जब एक अज्ञात कॉलर ने प्रसिद्ध 'हर की पौड़ी' घाट को बम से उड़ाने की खौफनाक धमकी दी। पुलिस के आपातकालीन नंबर पर सीधे आए इस कॉल के बाद पूरे महकमे में हड़कंप मच गया। सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील इस धार्मिक स्थल की सुरक्षा तुरंत बढ़ा दी गई और पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर आ गया।

अधिकारियों के अनुसार, नशे में धुत एक व्यक्ति ने आपातकालीन नंबर 112 पर कॉल किया और दावा किया कि चार दिनों के भीतर हर की पौड़ी और कई अन्य जगहों पर बम धमाके किए जाएँगे।

इस कॉल के बाद पुलिस बल को हाई अलर्ट पर रखा गया और तत्काल कई टीमों को सक्रिय कर दिया गया। कॉलर का फोन नंबर और लोकेशन तुरंत ट्रेस कर लिया गया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया; उसकी पहचान पौड़ी जिले के यमकेश्वर निवासी 30 वर्षीय सोहन सिंह रावत के रूप में हुई है।



पूछताछ के दौरान, उस व्यक्ति ने स्वीकार किया कि उसने नशे की हालत में यह धमकी दी थी।

हरिद्वार नगर कोतवाली में मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को अब जेल भेज दिया गया है। हरिद्वार के SSP नवनीत सिंह भुल्लर ने भी इस घटना के संबंध में एक बयान जारी किया है।

### हर की पौड़ी का इतना अधिक महत्व क्यों है?

हर की पौड़ी हरिद्वार का सबसे पूजनीय घाट है और यह पूरे भारत तथा विदेशों से आने वाले तीर्थयात्रियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। माना जाता है कि इस घाट का संबंध भगवान विष्णु से है। श्रद्धालु यहाँ पवित्र डुबकी लगाने को आध्यात्मिक रूप से शुद्ध करने वाला मानते हैं, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इससे पाप धुल जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

हर की पौड़ी पर शाम के समय होने वाली गंगा आरती एक अद्भुत दृश्य होता है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। इस क्षेत्र में हर 12 साल में भव्य कुंभ मेला और हर छह साल में अर्द्ध कुंभ मेला आयोजित होता है, जो इसे देश के सबसे अधिक आध्यात्मिक रूप से जीवंत स्थानों में से एक बनाता है।

## संपादक की कलम से

# साहब हम गिरगिट हैं, साहित्यकार नहीं



ललित शर्मा
संपादक

हवाओं का मिजाज तब नहीं बदला था जब सरहदें खींची गई थीं बल्कि तब बदला जब खुद्दारी को कागजों के चंद टुकड़ों के लिए गिरवी रख दिया गया। शहर के सबसे पुराने कॉफी हाउस में बैठे उस बूढ़े शायर की आंखों में आज भी वही चमक थी जो कभी गंगा की लहरों को देखकर सुभानल्लाह कहा करती थी। वह दौर भी क्या था जब उसकी गजलों में बनारस की सुबह और मथुरा की शाम का नूर टपकता था। उसने कभी लिखा था 'ऐ पाक जमीं हिन्दुस्तान तेरी अजमत को सलाम, तेरे जर्रे-जर्रे में बसा है रूह का आराम'। राजनीति की दीमक ने जब रिश्तों की लकड़ी को चाटना शुरू किया तो वफादारी का चोला रातों रात बदल गया। निष्ठा का बाजार इतना सस्ता हो जाएगा यह किसी ने सोचा न था। आदमी जब अपनी जड़ें काटता है तो सबसे पहले अपनी याददाश्तों का कत्ल करता है। वक्त का पहिया घूमा और वही जुबान जो कभी गुनगुनाती थी 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा' अब जहर उगलने लगी थी। देशभक्ति की परिभाषा जब भूगोल के आधार पर बदलने लगे तो समझ लेना चाहिए कि इंसानियत ने खुदकुशी कर ली है। इतिहास के पन्नों पर स्याही की जगह खून गिराने वाले ये फनकार बड़े अजीब होते हैं जो एक ही कलम से सजदा और गाली दोनों लिख सकते हैं। उसी शायर ने विभाजन के बाद जब लाहौर की गलियों में अपनी नई पहचान तलाशी तो कल तक जो जमीन उसकी माँ थी वह अचानक सौतेली हो गई। उसने शेर पढ़ा 'वह दौर अंधेरों का था जहाँ हम रोशनी ढूँढ रहे थे, अब मिली है मंज़िल जहाँ नया आसमाँ देख रहे हैं'। गिरगिट भी शायद उस रफ्तार से रंग नहीं बदलता होगा जिस रफ्तार से शायरों के तखल्लुस बदल गए। अवसरवादिता की चादर ओढ़कर जब कोई सत्य का गला घोंटता है तो फरिश्ते भी अपना चेहरा छिपा लेते हैं। जमीर को जब तिजोरी में बंद कर दिया जाए तो अल्फाज सिर्फ शोर मचाते हैं अर्थ खो देते हैं। उसने नई सत्ता को खुश करने के लिए लिखा 'टूट गया वो ख्वाब जो गंगा के किनारे देखा था, असली सवेरा तो हमने इस नए किनारे देखा था'। सत्ता की चौखट पर माथा टेकना ही अगर हुनर है तो फिर पत्थर और इंसान में फर्क ही क्या रह गया। 'आप तो कहते थे कि गंगा का पानी आपकी रगों में दौड़ता है' बेटे ने अपनी उलझन को जुबां दी तो उस बूढ़े शायर ने सिगरेट के धुएं में अपना चेहरा छिपा लिया। वह पानी अब खारा हो चुका है क्योंकि उसमें हसरतों के आँसू और गद्दारी की काई मिल गई है उसने बड़ी बेरुखी से जवाब दिया। उसकी बातों में दर्शन कम और एक मंझे हुए कसाई की चालाकी ज्यादा थी जो बकरी को हलाल करते वक्त दुआ पढ़ना नहीं भूलता। क्या मिट्टी की तासीर सरहद पार करते ही बदल जाती है बेटे का यह सवाल उसके सीने में खंजर की तरह उतरा तो उसने मुस्कुराकर जहर उगला 'मिट्टी वही रहती है बस उसे पूजने वाले हाथ बदल जाते हैं'। उसने अपनी नई वफादारी का सबूत देते हुए शेर पढ़ा 'कल तक जिसे माँ कहा, आज उसे सौतन बताने लगी है, ये मिट्टी भी अब सियासत के बिस्तर पर करवटें बदलने लगी है।' वफादारी जब भूगोल की गुलाम हो जाए तो खुदा भी अपनी रचना पर शर्मिंदा होने लगता है। उसने नफरत की चाशनी में डूबी अपनी नई नज्म छेड़ी 'जो कल तक अपना था वो आज बेगाना लगता है, उस मुल्क का जर्रा-जर्रा अब पुराना लगता है'। नफरत की फसल उगाना इसलिए आसान है क्योंकि इसमें खाद की जगह सिर्फ जमीन का खून चाहिए होता है। उसने फिर ललकारा 'वतन वो नहीं जहाँ पैदा हुए थे हम, वतन तो वो है जहाँ के आका ने नवाजा है।

## पुरूषोत्तम मास

मोनिका डागा

कविता



पुरूषोत्तम मास की दिव्य महिमा गाते सद्गुरु संत,
देता है यह अधिक माह पुण्य कर्मों का फल अनंत,
सूर्य संक्रांति से वंचित होकर इसको सबने ठुकराया,
विवाह शुभादि कर्मों से त्याज्य हो मलमास कहलाया ।

दु:खी होकर अधिक मास ने करी प्रार्थना श्रीकृष्ण से,
मुक्त करो हे परमेश्वर ! मुझको इस असहाय कष्ट से,
प्रसन्न हो दयालु श्रीहरि ने मलमास को गले लगाया,
अनन्य कृपा से ही माधव की पुरूषोत्तम मास कहाया ।

आंवला पीपल वृक्ष की इस माह पूजा विशेष फलदाई,
भक्तों ने श्रद्धा रखकर हरि चरणों में वंदना प्रेम से गाई,
भक्त तन-मन से करते 30 दिनों की सुखदाई साधना,
प्रभु के पुरूषोत्तम स्वरूप का करते चिंतन आराधना ।

गीता जी के 15वें अध्याय का पठन-पाठन हो विशेष,
भक्तों पर होती पुरूषोत्तम प्रभु की कृपानिधि अशेष,
पापनाशिनी ऊर्जा बढ़ें आत्मा के तेज में वृद्धि बहुगुणा,
जप तप सत्संग ध्यान दान धर्म का पुण्य हो कई गुना ।

एक माह की सात्विक अर्चना से कष्टों से हो किनारा,
भगवान विष्णु को यह पुरूषोत्तम मास हैं बहुत प्यारा,
तीन साल के इंतजार पर आता है यह शुभ अवसर,
आत्म 'आनंद' आत्म शुद्धिकरण में हो जाओ तत्पर ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# समीकरणों से लेकर एल्गोरिदम तक: एआई युग में गणित



डॉ विजय गर्ग
लेखक



मानव सभ्यता के विकास में गणित की भूमिका हमेशा केंद्रीय रही है। प्राचीन काल में गणित का उपयोग केवल गिनती, व्यापार और खगोलीय गणनाओं तक सीमित था, लेकिन समय के साथ यह विज्ञान, इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र और आधुनिक तकनीक की नींव बन गया। आज जब दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में प्रवेश कर चुकी है, तब गणित का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। अब गणित केवल किताबों में लिखे सूत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मशीनों को 'सोचना' और 'सीखना' सिखाने वाली शक्ति बन चुका है।

आज की डिजिटल दुनिया में हर जगह गणित मौजूद है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, ऑनलाइन बैंकिंग, नेविगेशन सिस्टम, मेडिकल रिसर्च और यहां तक कि मनोरंजन के प्लेटफॉर्म भी गणितीय एल्गोरिदम पर आधारित हैं। एआई के उदय ने गणित को केवल एक शैक्षणिक विषय नहीं रहने दिया, बल्कि इसे भविष्य की सबसे महत्वपूर्ण कौशलों में बदल दिया है।

### गणितः आधुनिक तकनीक की भाषा

गणित को अक्सर 'विज्ञान की भाषा' कहा जाता है। जिस प्रकार भाषा विचारों को व्यक्त करती है, उसी प्रकार गणित प्रकृति और तकनीक के नियमों को समझाने का माध्यम है। कंप्यूटर केवल संख्याओं और तर्क को समझते हैं, और यही कारण है कि हर डिजिटल प्रणाली के पीछे गणित कार्य कर रहा होता है।

जब कोई व्यक्ति इंटरनेट पर कुछ खोजता है, तो सर्च इंजन लाखों पन्नों का विश्लेषण करके सबसे उपयुक्त परिणाम दिखाते हैं। यह प्रक्रिया एल्गोरिदम और सांख्यिकीय गणनाओं के माध्यम से होती है। इसी तरह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यह अनुमान लगाते हैं कि उपयोगकर्ता किस प्रकार की सामग्री देखना पसंद करेगा। यह सब गणितीय मॉडल और डेटा विश्लेषण के कारण संभव हो पाता है।

### एआई और गणित का गहरा संबंध

कृत्रिम बुद्धिमत्ता वास्तव में गणित का ही एक उन्नत रूप है। मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग जैसी तकनीकें गणितीय सिद्धांतों पर आधारित हैं। एआई के विकास में मुख्य रूप से तीन गणितीय क्षेत्रों की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण है-

**रेखीय बीजगणित**

एआई सिस्टम डेटा को मैट्रिक्स और वेक्टर के रूप में समझते हैं। चेहरे की पहचान, भाषा अनुवाद और इमेज प्रोसेसिंग जैसे कार्यों में रेखीय बीजगणित का व्यापक उपयोग होता है।

**संभावना और सांख्यिकी**

एआई भविष्यवाणी करता है और निर्णय लेता है। यह प्रक्रिया संभावनाओं और सांख्यिकीय विश्लेषण पर आधारित होती है। उदाहरण के लिए, मौसम की भविष्यवाणी, शेयर बाजार विश्लेषण और मेडिकल डायग्नोसिस में सांख्यिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**कलन**

मशीन लर्निंग मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए कलन का उपयोग किया जाता है। 'ग्रेडिएंट डिसेंट' जैसी तकनीकें मॉडल की त्रुटियों को कम करके उसे बेहतर बनाती हैं। यह प्रक्रिया पूरी तरह गणितीय सिद्धांतों पर आधारित है।

### समीकरणों से एल्गोरिदम तक का सफर

पहले गणित का उद्देश्य केवल समस्याओं को हल करना माना जाता था। छात्र परीक्षा में अंक प्राप्त करने के लिए सूत्र याद करते थे। लेकिन आज वही गणित मशीनों को निर्णय लेने और सीखने की क्षमता प्रदान कर रहा है।

एल्गोरिदम वास्तव में चरणबद्ध गणितीय निर्देश होते हैं। जब कोई एआई मॉडल डेटा का विश्लेषण करता है, तो वह लाखों गणनाएं प्रति सेकंड करता है। उदाहरण के लिए-

जब यूट्यूब आपकी पसंद की वीडियो सुझाता है, जब गूगल सही परिणाम दिखाता है, जब कोई कार बिना चालक के चलती है, या जब चैटबॉट आपके प्रश्नों का उत्तर देता है, तब हर जगह गणितीय एल्गोरिदम कार्य कर रहे होते हैं।

### शिक्षा प्रणाली में बदलाव की आवश्यकता

एआई युग में पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को बदलने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। केवल रटकर गणित सीखना अब पर्याप्त नहीं है। छात्रों को यह समझना होगा कि गणित वास्तविक जीवन और तकनीक में कैसे काम करता है।

### नई पीढ़ी के लिए आवश्यक कौशल

तार्किक सोच, डेटा विश्लेषण, प्रोग्रामिंग और गणित का संयोजन, समस्या समाधान क्षमता, एल्गोरिदमिक सोच

स्कूलों और विश्वविद्यालयों को अब गणित को केवल सैद्धांतिक विषय के रूप में नहीं, बल्कि नवाचार और तकनीकी विकास के साधन के रूप में पढ़ाना होगा।

### क्या एआई गणितज्ञों की जगह ले लेगा?

यह प्रश्न अक्सर पूछा जाता है कि क्या भविष्य में एआई गणितज्ञों और वैज्ञानिकों की जगह ले लेगा। वास्तविकता यह है कि एआई स्वयं गणित पर निर्भर है। मशीनें गणनाएं तेजी से कर सकती हैं, लेकिन नए सिद्धांतों की खोज, रचनात्मक सोच और जटिल समस्याओं की गहरी समझ अभी भी मानव बुद्धि की विशेषता है।

भविष्य में मनुष्य और एआई मिलकर कार्य करेंगे। एआई शोधकर्ताओं को डेटा विश्लेषण और जटिल गणनाओं में सहायता करेगा, जबकि अंतिम निर्णय और नवाचार मानव मस्तिष्क से ही आएंगे।

### वैज्ञानिक अनुसंधान में नई क्रांति

एआई ने वैज्ञानिक अनुसंधान की गति को भी बदल दिया है। अब मशीन लर्निंग मॉडल विशाल डेटा का विश्लेषण करके नए पैटर्न खोज सकते हैं। दवा निर्माण, जलवायु परिवर्तन अध्ययन, अंतरिक्ष अनुसंधान और जीन विज्ञान जैसे क्षेत्रों में एआई-आधारित गणितीय मॉडल नई खोजों का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, आधुनिक चिकित्सा में एआई रोगों की पहचान करने के लिए लाखों मेडिकल रिपोर्टों का विश्लेषण करता है। यह प्रक्रिया गणितीय मॉडल और सांख्यिकीय विश्लेषण के बिना संभव नहीं होती।

### भविष्य की अर्थव्यवस्था और गणित

भविष्य की अधिकांश नौकरियां गणित और एआई से जुड़ी होंगी। डेटा साइंस, रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, फिनटेक और एआई इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में गणित की मजबूत समझ अत्यंत आवश्यक होगी।

जो देश गणित और तकनीकी शिक्षा में निवेश करेंगे, वे आने वाले समय में वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करेंगे। इसलिए गणित अब केवल विद्यार्थियों का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास का आधार बन चुका है।

### निष्कर्ष

गणित का सफर ब्लैकबोर्ड पर लिखे समीकरणों से निकलकर अब सुपरकंप्यूटरों और एआई एल्गोरिदम तक पहुंच चुका है। यह केवल संख्याओं का विज्ञान नहीं, बल्कि भविष्य की तकनीक का मूल आधार है। एआई युग में गणित नई शक्ति के रूप में उभर रहा है। आने वाले समय में वही समाज और राष्ट्र आगे बढ़ेंगे जो गणितीय सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीकी नवाचार को अपनाएंगे। वास्तव में, यदि एआई भविष्य की मशीनों का मस्तिष्क है, तो गणित उसकी आत्मा है।

# जाति, धर्म और भय की फैक्ट्री: क्या समाज को जानबूझकर बाँटा जा रहा है?



एन०के०शर्मा
लेखक



समाज का विघटन हमेशा किसी बाहरी आक्रमण से नहीं होता; कई बार वह भीतर ही भीतर, बेहद सुनियोजित और परत-दर-परत तरीके से रचा जाता है। आज का समय उसी आंतरिक विघटन की भयावह कहानी कहता है, जहाँ जाति, धर्म और भय केवल पहचान के तत्व नहीं रहे, बल्कि सत्ता और सामाजिक नियंत्रण के सबसे प्रभावी औजार बन चुके हैं। यह कोई संयोग नहीं कि हर संकट के समय समाज को वास्तविक मुद्दों से हटाकर भावनात्मक खांचों में बाँट दिया जाता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो दिखती कम है, लेकिन असर गहरा छोड़ती है-और धीरे-धीरे एक जीवंत समाज को संदेह, अविश्वास और टकराव के दलदल में धकेल देती है। सबसे खतरनाक बात यह है कि यह विभाजन अब केवल राजनीतिक रणनीति नहीं रहा, बल्कि सामाजिक व्यवहार का स्थायी हिस्सा बनता जा रहा है। व्यक्ति अब व्यक्ति नहीं रह गया है; वह एक 'पहचान' में सिमट गया है। उसकी सोच, उसकी संवेदना, यहाँ तक कि उसका न्यायबोध भी उसी पहचान से संचालित होने लगा है। यह स्थिति केवल समाज के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र के लिए भी एक गंभीर चेतावनी है, क्योंकि जब नागरिक अपनी स्वतंत्र सोच खो देता है, तो वह केवल एक भीड़ का हिस्सा बन जाता है-ऐसी भीड़ जिसे दिशा देना आसान होता है, लेकिन जो स्वयं दिशा तय करने में असमर्थ होती है। सरकारों के लिए यह स्थिति सुविधाजनक हो सकती है, क्योंकि एक बंटा हुआ समाज कभी भी संगठित होकर सवाल नहीं करता। वह अपने ही भीतर के संघर्षों में उलझा रहता है, और इसी उलझन में सत्ता की जवाबदेही कमजोर पड़ जाती है। जब जनता को यह विश्वास दिला दिया जाता है कि उसका सबसे बड़ा दुश्मन कोई दूसरी जाति या धर्म है, तो वह उन वास्तविक सवालों को पूछना ही भूल जाती है, जो उसके जीवन को सीधे प्रभावित करते हैं-जैसे शिक्षा की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, रोजगार के अवसर, और आर्थिक असमानता। यहाँ मीडिया और सूचना तंत्र की भूमिका भी कम चिंताजनक नहीं है। सूचना, जो कभी समाज को जागरूक और सशक्त बनाने का माध्यम थी, अब कई बार एक ऐसा उपकरण बन जाती है जो भय और विभाजन को और गहरा करता है। खबरों का चयन, उनकी प्रस्तुति, और उनके पीछे का उद्देश्य-सब कुछ इस तरह से गढ़ा जाता है कि वे लोगों के भीतर पहले से मौजूद असुरक्षाओं को भड़काएं। परिणामस्वरूप, समाज एक ऐसे दर्पण में खुद को देखने लगता है, जो वास्तविकता नहीं, बल्कि एक विकृत छवि प्रस्तुत करता है। लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या यह सब केवल सत्ता की चाल है, या समाज भी इसमें सहभागी है? यह स्वीकार करना कठिन हो सकता है, लेकिन सच्चाई यह है कि जब तक समाज स्वयं इस विभाजन को स्वीकार करता रहेगा, तब तक कोई भी सत्ता इसे इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटेगी। हम अपने दैनिक जीवन में, अपनी भाषा में, अपने व्यवहार में-कई बार अनजाने में ही इस विभाजन को पोषित करते हैं। हम दूसरों को 'दूसरा' मानने लगते हैं, और यही सोच धीरे-धीरे एक गहरी खाई में बदल जाती है। यह स्थिति केवल सामाजिक ताने-बाने को नहीं तोड़ती, बल्कि एक सभ्यता के मूल्यों को भी कमजोर कर देती है। सहिष्णुता, संवाद और सहअस्तित्व-जो किसी भी विकसित समाज की पहचान होते हैं-वे धीरे-धीरे पीछे छूट जाते हैं। उनकी जगह ले लेते हैं संदेह, आक्रोश और असहिष्णुता। और जब यह बदलाव स्थायी हो जाता है, तो समाज केवल भौतिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक और नैतिक रूप से भी टूटने लगता है। अब समय केवल चिंता करने का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का है। यह समझने का कि क्या हम सच में अपने भविष्य को इस दिशा में ले जाना चाहते हैं, जहाँ हमारी पहचानें हमें जोड़ने के बजाय तोड़ने का काम करें? क्या हम एक ऐसे समाज की कल्पना कर सकते हैं, जहाँ व्यक्ति की पहचान उसके विचारों, उसके कर्मों और उसकी मानवता से हो, न कि केवल उसके जन्म या विश्वास से? सरकारों के लिए भी यह एक चेतावनी है कि अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए किया गया यह विभाजन दीर्घकालिक सामाजिक अस्थिरता को जन्म देता है। एक ऐसा समाज, जो भीतर से बंटा हुआ हो, वह कभी भी स्थायी विकास और प्रगति की ओर नहीं बढ़ सकता। इसलिए नीतियों का उद्देश्य केवल सत्ता में बने रहना नहीं, बल्कि समाज को मजबूत और एकजुट बनाना होना चाहिए।

अंततः, यह लड़ाई किसी एक वर्ग, एक विचारधारा या एक संस्था की नहीं है; यह पूरे समाज की है। और इसका समाधान भी सामूहिक ही हो सकता है-संवाद, समझ और संवेदना के माध्यम से। यदि हम इस चुनौती को स्वीकार करने का साहस नहीं जुटा पाते, तो आने वाला समय हमें केवल एक बंटे हुए समाज के रूप में याद रखेगा, जिसने अपने ही हाथों से अपनी एकता और शक्ति को कमजोर कर दिया।

# कीमोथेरेपी नहीं, मात्र सात मिनट में होगी कैंसर की ट्रीटमेंट



स्नेहा सिंह
लेखिका

भारत में कैंसर के मरीजों की संख्या बहुत अधिक है। हर वर्ष हजारों मरीज जुड़ते जा रहे हैं। महंगी उपचार व्यवस्था, अपर्याप्त उपचार और कई बार देर से निदान होने के कारण हर वर्ष लाखों लोग कैंसर के कारण जान भी गंवा रहे हैं। जिन लोगों को उपचार मिलता है, उन्हें असहनीय पीड़ा से गुजरना पड़ता है। उसमें भी आईवी लगाकर घंटों तक कीमोथेरेपी लेने की पीड़ा भी असहनीय होती है। मरीज को तो पीड़ा होती ही है, लेकिन उसके साथ उसके केयरटेकर और संबंधियों को भी परेशानी होती है। हाल ही में एक ऐसी दवा बाजार में आई है। फेफड़ों के कैंसर के एक विशेष प्रकार की उपचार पद्धति के लिए बाजार में टेसेंट्रिक एससी (एटेजोलिजुमैब) नाम की दवा आई है। इंजेक्शन द्वारा दी जाने वाली इस दवा से होने वाले उपचार में केवल सात मिनट लगते हैं। इसके कारण अस्पताल के बारबार चक्कर लगाने और घंटों तक अस्पताल में बैठे रहने से राहत मिलेगी। खासकर भारत में, जहां हर वर्ष लगभग 80,000 फेफड़ों के कैंसर के मरीज सामने आते हैं, वहां यह उपचार बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। जानकारों के अनुसार फेफड़ों के कैंसर के कई प्रकार होते हैं। उनकी अलग-अलग स्तर पर अलग-अलग उपचार पद्धतियां होती हैं। नई दवा यानी टेसेंट्रिक एससी द्वारा इंजेक्टेबल पद्धति से मरीजों का उपचार किया जाएगा। स्विस फार्मा कंपनी रोश द्वारा इसका निर्माण किया गया है। नॉन स्मॉल सेल लंग कैंसर में सर्जरी के बाद इसका उपयोग किया जा सकता है। मेटास्टेटिक नॉन स्मॉल सेल लंग कैंसर में इसका उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा एक्स्टेंसिव स्टेज स्मॉल सेल लंग कैंसर में भी इसका उपयोग होगा। इसके अलावा कैंसर के एक ऐसे प्रकार जिसे हेपाटोसेलुलर कार्सिनोमा कहा जाता है, जिसमें सर्जरी संभव नहीं होती, उसमें इसका उपयोग किया जा सकेगा। इसके अलावा बीआरएएफ वी600 एडवांस मेलानोमा में भी इसका उपयोग होगा। भारत में लाई गई इस कैंसर की दवा टेसेंट्रिक एससी का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसके लिए आईवी की आवश्यकता नहीं होती। इसे सीधे



इंजेक्शन की तरह दिया जा सकता है। इसके कारण घंटों तक चलने वाले उपचार से मुक्ति मिलेगी। दुनिया में पहली बार ऐसी दवा बाजार में आई है, जिसका फेफड़ों के कैंसर में आसानी से उपयोग किया जा सकता है और जो प्रभावी साबित हो रही है। खास बात यह है कि ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया द्वारा इस वर्ष फरवरी में फेफड़ों के कैंसर के उपचार के लिए टेसेंट्रिक एससी के उपयोग की मंजूरी दी गई थी। यह दवा वर्तमान समय में बहुत महंगी है। इसकी एक वायल लगभग 3.7 लाख रुपए की आती है और हर तीन सप्ताह में इसे लेना पड़ता है। खास बात यह है कि केंद्रीय स्वास्थ्य योजना के विभिन्न कार्ड रखने वाले लोगों को भी यह दवा दी जा रही है। जानकारों के अनुसार इस दवा के छह साइकल पूरे करने पड़ते हैं। यह दवा जर्मनी से बनाकर भेजी जाती है। खास बात यह है कि यूनाइटेड किंगडम द्वारा 2023 में इस दवा को मंजूरी दी गई थी। उसके बाद अब तक 85 देशों में इसका उपयोग किया जा रहा है। 10,000 से अधिक मरीजों पर इसका उपयोग हो रहा है। 2018 में इसी दवा का इंट्रावेनस संस्करण लांच किया गया था। उसके द्वारा भी फेफड़ों और यूरिनरी ट्रैक्ट के कैंसर का उपचार किया जाता था। टेसेंट्रिक कैंसर कोशिकाओं पर सीधी असर करती है। यह पीडी-एल1 रिसेप्टर पर असर करती है। सामान्य स्थिति में वे शरीर को खास नुकसान नहीं पहुंचाते। सामान्य स्थिति में वे ब्रेक पैड की तरह काम करते हैं। वे इम्यून सेल और टी-सेल्स को रोकते हैं, ताकि वे हेल्दी सेल्स को नुकसान न पहुंचाएं। कुछ कैंसर में पीडी-एल1 रिसेप्टर का निर्माण होता है। वे पीडी-1 रिसेप्टर को भ्रमित कर देते हैं, जिससे इम्यून सेल्स रोगग्रस्त कोशिकाओं पर काम नहीं कर पाते। टेसेंट्रिक पीडी-एल1 पर ही असर करती है, जिससे शरीर की स्वयं ठीक होने की प्रक्रिया सामान्य रूप से जारी रह सके। इम्यून सिस्टम रोगग्रस्त कोशिकाओं पर हमला करता है। जानकारों के अनुसार टेसेंट्रिक एससी में एटेजोलिजुमैब और अमेरिकी बायोटेक फर्म हेलोजाइम थेरेप्युटिक्स की टेक्नोलॉजी का संयोजन है। इसलिए यह त्वचा के नीचे जाकर कोशिकाओं पर काम करती है। यह त्वचा को अस्थाई रूप से अधिक खोल देती है, ताकि दवा तेजी से रक्त में मिल जाए और असर दिखाना शुरू कर दे। सामान्यतः डाक्टरों द्वारा मरीजों को जांघ में इस दवा का इंजेक्शन दिया जा रहा है। इसके कारण इसकी प्रभावशीलता बढ़ती है। दूसरी ओर इस दवा के दुष्प्रभावों के बारे में भी कंपनी द्वारा जानकारी दी गई है। कंपनी के अनुसार इस दवा के कारण फेफड़ों में समस्या हो सकती है, आंतों और लिवर में समस्याएं देखी जा सकती हैं। इसके अलावा हार्मोन में बदलाव की समस्या भी हो सकती है। इसके अलावा किडनी और त्वचा में भी समस्याएं होने की संभावना रहती है। इसके अलावा अन्य रिएक्शन आने और शरीर के अन्य अंगों पर भी दुष्प्रभाव पड़ने की संभावना रहती है। बोन मैरो ट्रांसफर करवाने वाले मरीजों में इस दवा के उपयोग से जीवीएचडी जैसी समस्याएं होने की चेतावनी भी दी गई है। इस उपचार का सबसे बड़ा फायदा यह है कि केवल सात मिनट में उपचार पूरा हो जाता है। इसके कारण मरीज, उसके परिजन और अस्पताल, तीनों का समय बचता है। इसके अलावा मरीज को लंबी पीड़ा से नहीं गुजरना पड़ता। अस्पतालों द्वारा पांच मरीजों को इंजेक्शन दिए जा सकते हैं, जबकि एक मरीज को आईवी द्वारा दवा देनी पड़ती है। जब आईवी ट्रीटमेंट किया जाता है तब पहली बार एक घंटा लगता है। तीन सप्ताह बाद वह केवल 30 मिनट का उपचार रह जाता है। धीरे-धीरे वह सात मिनट तक पहुंच जाता है। खासकर अस्पतालों के लिए भी यह राहत देने वाला है, क्योंकि आईवी ट्रीटमेंट के लिए घंटों की तैयारियां और बाद की प्रक्रियाओं से मुक्ति मिलती है। मरीज भी राहत महसूस करता है। अन्य ट्रीटमेंट के लिए पहले मरीज को इंजेक्शन देने पड़ते हैं, प्रतीक्षा करनी पड़ती है, जबकि यह ट्रीटमेंट सात मिनट में पूरा हो जाता है। इसके कारण उपचार और पीड़ा का लगभग 80 प्रतिशत समय कम हो जाता है।

# सिमरिया वॉलीबॉल टूनार्मेंट में अरशद टीम का दबदबा, आमिर टीम को हराकर हुई विजई

लुकमान खान





**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम सिमरिया में आयोजित वॉलीबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को बेहद रोमांचक माहौल में खेला गया। प्रतियोगिता के अंतिम मैच में अरशद एंड टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आमिर एंड टीम को शिकस्त देकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, जिससे मैदान पर मौजूद दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। फाइनल मुकाबले की शुरूआत से ही अरशद टीम आक्रामक अंदाज में नजर आई।

टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल और मजबूत डिफेंस के दम पर लगातार अंक जुटाए। कप्तान अरशद के नेतृत्व में अरवाज खान, रोहेल खान, अफ्फान खान, अरमान खान, शानू, ईशान और साहिब ने टीम को मजबूती प्रदान की। वहीं आमिर टीम ने भी मुकाबले में वापसी की कोशिश की, लेकिन निर्णायक समय में अरशद टीम का प्रदर्शन भारी पड़ गया। प्रतियोगिता के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में किसान यूनियन सरकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कश्यप सहित कई सामाजिक और किसान संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विजेता टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।आयोजकों ने बताया कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के साथ आपसी भाईचारा बढ़ाने का भी काम करती हैं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसान यूनियन सरकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कश्यप, भारतीय किसान यूनियन भानू के तहसील मीडिया प्रभारी व पत्रकार संगठन के पदाधिकारी सबलू खान, शाहजहांपुर के जिला पंचायत सदस्य सिंटू, भाकियू भानू के तहसील संगठन मंत्री लुकमान खान और बरेली मंडल उपाध्यक्ष अमानुल्लाह मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने नव चयनित 105 आंगनबाडी सहायिकाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** आज दिनांक 18.05.2026 को बाल विकास विभाग पीलीभीत की परियोजना ललौरीखेड़ा, अमरिया व मरौरी के सदर विधानसभा क्षेत्र में नव चयनित ऑगनबाड़ी सहायिकाओं को मा0 गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा अपने कर कमलों से नियुक्ति पत्र प्राप्त कराये गये। नियुक्ति पत्र पाकर सभी नवचयनित सहायिकाओं के चेहरों पर तो मुस्कान थी ही अपितु बाहर खड़े उनके परिजनों में एक अतिरिक्त उत्साह की चमक थीं अतिरिक्त उत्साह इस बात का है कि उनके घर की महिला को स्वयं राज्यमंत्री के हाथें यह नियुक्ति पत्र मिलना स्वयं में एक गौरव है जो आज से पूर्व किसी सरकार के रहते शायद ही ऐसी किसी निम्नवर्गीय नियुक्ति में किसी को प्राप्त हुआ हो। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मा0 राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। नियुक्ति पत्र पाने वालों में ललौरीखेड़ा की 40 अमरिया की 55 व मरौरी सदर की 10 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्राप्त कराये गये।

# श्री जैन कन्या पाठशाला इण्टर कालिज हापुड़ की गाइडस के द्वारा



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में भारत स्काउट और गाइड्स उत्तर प्रदेश जनपद संस्था हापुड़ के द्वारा श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के सौजन्य से बुलंदशहर रोड पर ठंडे पानी (शरबत) की सेवा शुरू की गई।, इस सेवा का शुभारंभ भारत स्काउट और गाइड्स उत्तर प्रदेश जनपद संस्था हापुड़ की जिला मुख्यायुक्त पारुल त्यागी ने किया। यह जल सेवा स्काउट और गाइड के स्वयंसेवकों द्वारा की गई, इस दौरान स्काउट और गाइड्स द्वारा यात्रियों को मुफ्त में शरबत वितरित किया गया,जिला मुख्यायुक्त पारुल त्यागी ने कहा कि स्काउट एंड गाइड की यह पहल बहुत सराहनीय है यात्रियों को शुद्ध और ठंडा शरबत उपलब्ध कराने से उनमें सेवा का भाव बढ़ेगा। जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) प्रकाश शर्मा ने बताया कि जनपद संस्था हापुड़ हमेशा अपने यात्रियों की सुविधा और सेवा के लिए तत्पर है यह जल सेवा कई वर्षों से चल रही है और मई-जून महीने में भी जारी रहेगी,इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त (गाइड) नीता कौशिक, प्रशिक्षण काउंसलर प्रशांत कुमार नीति शर्मा,पूजा गुप्ता,वंदना सिंह विद्यालय का स्टाफ अनेकों विद्यालय के स्काउटस और गाइड्स उपस्थित रहे।

# सड़कों पर बह रहा नाली का पानी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जलभराव से संक्रमण का खतरा: जिम्मेदार मौन

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घुसा नाली का दूषित पानी संक्रामक रोगों का बड़ा खतरा बच्चे परेशान

लुकमान खान



**पीलीभीत/माधोटांडा(वेलकम इंडिया)।** जनपद पीलीभीत की तहसील कलीनगर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत माधोटांडा में विकास दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। क्षेत्र में नालियों की समुचित सफाई और निकास न होने के कारण नालियों का गंदा पानी मुख्य सड़कों पर खुलेआम बह रहा है। इसके चलते पूरी बस्ती में भारी गंदगी और मलबे का अंबार लगा हुआ है, जिससे स्थानीय निवासियों का जीना दूभर हो गया है।सड़क पर फैले कीचड़ और गंदे पानी के बीच से ही स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों को आने-जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों को हो रही है, जो इसी मार्ग से होकर अपने स्कूल जाते हैं। गंदगी के कारण हर समय हादसे और फिसलकर गिरने का डर बना रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि नालियों का यह दूषित पानी अब गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर और भीतर तक पहुंच रहा है। सार्वजनिक स्थल पर इस तरह जलभराव होने से क्षेत्र में भयंकर बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। स्थानीय लोगों में डर है कि यदि जल्द ही इस पानी की निकासी नहीं की गई, तो गांव में कोई गंभीर संक्रामक बीमारी या महामारी फैल सकती है।स्थानीय जनता का कहना है कि इस विकट समस्या को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन ग्राम प्रधान और ग्राम विकास सचिव इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की इस अनदेखी और उदासीनता को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले का संज्ञान लेकर जल्द से जल्द नाली निर्माण और सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए, ताकि लोगों को इस नारकीय जीवन से निजात मिल सके।

# जनपद में आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने हेतु जिलाधिकारी ने की बैठक



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद की जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आइजीआरएस पोर्टल पर आ रही शिकायतो एवं उनके निस्तारण के संबंध में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आइजीआरएस पोर्टल की निरंतर समीक्षा शासन स्तर से की जाती है जिस पर गुणवत्ता परक निस्तारण न करने से जनपद की रैंक प्रभावित होती है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों की आइजीआरएस पोर्टल पर खराब रैंकिंग प्रदर्शित हो रही है उसका जल्द से जल्द सुधार करना सुनिश्चित करें साथ ही आइजीआरएस पोर्टल पर जो भी शिकायत प्राप्त हो रही है उसमें शिकायतकर्ता से वार्ता कर उसे संतुष्ट भी किया जाए उसके उपरांत ही आख्या रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करें जिससे जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो। बैठक के अंत में जिलाधिकारी निर्देश दिए कि आइजीआरएस पोर्टल पर जिस भी शिकायत का निस्तारण करें उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नशे के सौदागर को अन्तु पुलिस ने गाजा और बाइक के साथ किया गिरफ्तार

विजय द्विवेदी



**प्रतापगढ़(वेलकम इंडिया)।** जिले के पुलिस कमांडर दीपक भूकर की पुलिस का एक्शन लगातार जारी है। इसी क्रम मे आज पिर एक बार सफलता हासिल केते हुए जिले की अन्तू थाना पुलिस ने नशे के सौदागरों को गिरफ्तार किया है। प्रतापगढ एसपी दीपक भूकर एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार, सीओ सिटी आईपीएस प्रशांत राज हुड्डा के निर्देशन में अंतू पुलिस को मिली बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने 1 किलो 194 ग्राम अवैध गांजा एवं एक मोटरसाइकिल के साथ एक गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार करबे मे सफलता पायी।

थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह सिरोही के निर्देश पर गड़वारा पुलिस चौकी प्रभारी सचिन यादव अपने पुलिस टीम के साथ शुकुलपुर लोड पर वाहन चेकिग कर रहे थे । इसी समय पुलिस को मुखबिर विशेष द्वारा सूचना प्राप्त हुई की त्रिलोकीनाथ तिवारी अवैध नशे का सामान लेकर चेकिंग पॉइंट के पास से गुजरने वाले हैं। जैसे ही अभियुक्त पहुंचा पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो गांजा तस्कर ने पुलिस को देखकर अपनी बाइक की रफ्तार को बढ़ा दिया। जिसका पुलिस ने तेज रफ्तार से पीछा करते हुए ओवरटेक करके धर दबोचा तलाशी लिया ।जिसजेवपास से तलाशी मे अवैध गाजा बरामद हुआ। जिसे जब्त कर पुलिस ने नशे के सौदागर को सलाखों के पीछे भेज दिया है तथा उसकी बाइक भी जब्त कर ली है।

# विश्व पर्यावरण दिवस-2026 अभियान के अंतर्गत बायोडिग्रेडेबल कैरी बैग का वितरण

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत बोर्ड के निदेर्शानुसार तथा मंडल रेल प्रबंधक इज्जतनगर सुश्री वीणा सिन्हा के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस-2026 अभियान के अंतर्गत आज चैथे दिन इज्जतनगर मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने हेतु विभिन्न रेलवे स्टेशनों एवं स्वास्थ्य इकाइयों में बायोडिग्रेडेबल कैरी बैग वितरण एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत लालकुआँ, काठगोदाम, रुद्रपुर सिटी, बरेली सिटी, कासगंज, काशीपुर, हल्द्वानी, फरुर्खाबाद, फतेहगढ़, कन्नौज एवं पीलीभीत रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों एवं आमजन को बायोडिग्रेडेबल कैरी बैग वितरित किए गए।

साथ ही रेलवे स्टेशनों एवं स्वास्थ्य इकाइयों में जागरूकता अभियान आयोजित कर सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। अभियान के दौरान रेलवे एवं स्वास्थ्य इकाई कर्मचारियों के द्वारा यात्रियों तथा आम जनमानस को सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें' एवं मिशन लाईफ का संदेश के तहत पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने, पुनः उपयोग योग्य बैग एवं बोतलों के प्रयोग तथा स्वच्छ एवं सतत जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

इज्जतनगर मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस-2026 अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन निरंतर किये जा रहे है।

# भूड़ा चौराहे पर कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन, रिक्शे पर रखी बाइक और हाथ में सिलेंडर




वेलकम इंडिया ब्यूरो

**मुरादाबाद।** पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर सोमवार को जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी ने भूड़ा चौराहे पर अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने रिक्शा पर मोटरसाइकिल रखकर और हाथ में गैस सिलेंडर लेकर महंगाई के खिलाफ विरोध जताया। कार्यकताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम आदमी का बजट बिगड़ गया है। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए घर चलाना मुश्किल हो रहा है। रिक्शे पर बाइक और हाथ में सिलेंडर लेकर प्रदर्शन का मकसद सरकार को जनता की परेशानी से अवगत कराना है। भूड़ा चौराहे पर हुए इस अनोखे प्रदर्शन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों के बीच यह चर्चा भी होती रही कि यह जनहित का प्रदर्शन था। प्रदर्शन में जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि अगर महंगाई पर जल्द नियंत्रण नहीं किया गया तो पार्टी आगे भी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

# दर्द में भटकती रही गर्भवती, सरकारी अस्पताल से निराश लौटे परिजन, इलाज न मिलने पर निजी अस्पताल का लेना पड़ा सहारा, स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे सवाल

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**पीलीभीत पूरनपुर।** सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के दावों के बीच पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ा एक मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि प्रसव पीड़ा से परेशान महिला को समय पर इलाज नहीं मिल सका, जिसके चलते परिजनों को मजबूरी में निजी अस्पताल का रुख करना पड़ा। ग्राम गोरा निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े दस बजे वह अपनी पत्नी को गंभीर हालत में सीएचसी लेकर पहुंचा था।

आरोप है कि अस्पताल में मौजूद कर्मचारियों ने मरीज को भर्ती करने या प्राथमिक उपचार देने में रुचि नहीं दिखाई।परिजनों ने मदद की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें इधर-उधर भेजा जाता रहा। पीड़ित परिवार का कहना है कि महिला को महिला अस्पताल ब्लॉक भी ले जाया गया, मगर वहां से दोबारा सीएचसी भेज दिया गया। हालत बिगड़ती देख परिजन घबरा गए और आखिरकार एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जहां इलाज के नाम पर भारी खर्च उठाना पड़ा।

परिजनों ने आरोप लगाया कि सरकारी अस्पतालों की लापरवाही के कारण गरीब मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

इस मामले में सीएचसी प्रभारी डॉ. मनीष राज ने जांच कराए जाने की बात कही है। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने भी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# जनमणना के लिए निगम में की गयी किट वितरित: 22 मई से 20 जून तक चलेगा मकान सूचीकरण का कार्य





वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** आज नगर निगम में जनगणना -2027 के लिए पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को किट वितरित की गई। महानगर के तीनों जोन में 223 पर्यवेक्षक और 1383 प्रगणक जनगणना कार्य करेंगे। जनगणना का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून तक चलेगा, जिसमें मकान सूचीकरण का कार्य किया जायेगा। नगर निगम में किट प्राप्त करने के लिए आज सुबह से ही पर्यवेक्षक व प्रगणक जुटना शुरू हो गए थे। जोन एक के 81 पर्यवेक्षक और 505 प्रगणक, जोन दो के 73 पर्यवेक्षक व 446 प्रगणक तथा जोन तीन के 69 पर्यवेक्षक और 432 प्रगणकों को आज निगम बुलाया गया था। शाम तक जोन एक में 60 प्रतिशत व जोन दो में 65 प्रतिशत तथा जोन तीन में लगभग 70 प्रतिशत पर्यवेक्षकों व प्रगणकों को किट वितरित की जा चुकी थी। नगर जनगणना अधिकारी/अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि वितरित की गयी किट में पर्यवेक्षकों को नीला तथा प्रगणकों को काला बैग दिया गया है। जनगणना-2027 लिखे बैग में पर्यवेक्षकों को उनका नियुक्ति पत्र, उनके आधीन जनगणना करने वाले प्रगणकों के नाम और मोबाइल नंबर की जानकारी के अलावा एक सर्किल मैप भी दिया गया है। जिसमें प्रगणकों का जनगणना क्षेत्र (ब्लॉक) दशार्या गया है। इसके अतिरिक्त डायरी, पैन, परिचय पत्र और कैप भी किट में दी गयी है। जबकि प्रगणकों को दी गयी किट में उनके पर्यवेक्षक का नाम व मोबाइल नंबर, उनके जनगणना क्षेत्र का मैप (ब्लॉक), डायरी, पैन, परिचय पत्र व कैप आदि दी गयी है। उन्होंने बताया कि पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों की मेडिकल सुविधा के लिए नगर निगम की ओर से सीएमओ को पत्र भी भेजा गया है।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला सैनिक बन्धु की बैठक



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के समस्त पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निराकरण हेत जिलाधिकारी एंव अध्यक्ष जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास हापुड़ कविता मीना (आई.ए.एस.) अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद हापुड़ के भूतपूर्व/सैनिकों/दिवंगत सैनिकों के आश्रितों /वीर नारियों द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों को होने वाली समस्याओं को जल्द से जल्द निराकरण किये जाने के निर्देश दिये गये है।उक्त बैठक में सन्दीप कुमार,अपर जिलाधिकारी (वि/रा),ले०कर्नल विवके सिंह,जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी,ले०कर्नल अशुल,बाबूगढ कैंट, आनरेरी कैप्टन(से०नि०) राजेश पाल,आनरेरी कैप्टन महीपाल सिंह,सूबेदार अय्यूब खान,दफेदार यतेन्द्र चढडा,हवलदार गजबीर सिंह,हवलदार मूलचन्द, भूतपूर्व सैनिक आदि उपस्थित रहें।

# हेमा मालिनी ने किया दास नारायण की पुस्तक 'कृष्ण भक्ति-पद' का विमोचन

## कविवर के लिखे पदों पर भजन रिकॉर्ड कराना मेरे लिए एक उपलब्धिः सांसद हेमा मालिनी

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/वृंदावन।** 21वीं सदी के भक्त-प्रवर कविवर दास नारायण द्वारा रचित भजनों पर आधारित पुस्तक 'कृष्ण भक्ति-पद' का भव्य विमोचन सांसद एवं सुप्रसिद्ध अभिनेत्री हेमा मालिनी, प्रख्यात कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन में हुआ, जिसमें भजन गायन से उपस्थित गणमान्य भावविभोर हुए। डा. उमेश चंद्र शर्मा द्वारा संपादित इस पुस्तक के विमोचन अवसर पर सांसद श्रीमती हेमा मालिनी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि, 'कविवर दास नारायण जी के भजनों की यह पुस्तक हमें श्रीकृष्ण भक्ति से जोड़ने का अत्यंत सुंदर माध्यम है।

ये पद सीधे हृदय को स्पर्श करते हैं। भक्ति साहित्य के क्षेत्र में यह एक अमूल्य धरोहर है।' उन्होंने बताया कि कविवर के अनेक भजनों को उन्होंने स्वयं अपने स्वर में रिकॉर्ड किया है तथा देश के कई प्रसिद्ध गायकों ने भी इन पदों को स्वर दिया है।

कविवर दास नारायण ने बताया कि पुस्तक में कृष्ण भक्ति को समर्पित लगभग 200 पदों का संकलन किया गया है, जिनका संपादन डा. उमेश चंद्र शर्मा ने किया है। प्रख्यात कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि कलियुग में कीर्तन और भक्ति-पद ईश्वर प्राप्ति का सबसे सरल एवं प्रभावी साधन हैं।



उन्होंने उपस्थित जनसमूह को कृष्ण भक्ति का संदेश देते हुए भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। जीएलए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनूप गुप्ता ने कहा कि यह पुस्तक केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि राधा-कृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम और समर्पण का सजीव प्रकटीकरण है। उन्होंने पुस्तक की भाषा-शैली की साहित्यिक दृष्टि से सराहना करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा और नैतिक मूल्यों के पुनर्स्थापन में ऐसे साहित्य की महत्ता पर प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार रहीस सिंह ने कहा कि 'कृष्ण भक्ति-पद' वर्तमान युग के संदर्भ में लिखी गई एक अद्वितीय और उत्कृष्ट साहित्यिक कृति है।

इसमें हर कृति कृष्ण को समर्पित है। कार्यक्रम के प्रारंभ में पुस्तक के संपादक डा. उमेश शर्मा ने कविवर दास नारायण की भक्ति साधना और पुस्तक की रचनात्मक विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। वाणी प्रकाशन के प्रबंध निदेशक अरुण माहेश्वरी ने पुस्तक की साहित्यिक एवं आध्यात्मिक विशेषताओं की चर्चा की। समारोह के अंत में सुप्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया लाल चतुर्वेदी एवं सौरभ चतुर्वेदी ने कृष्ण भक्ति पदों का मधुर गायन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

गायन एवं वादन में मथुरा-वृंदावन नगर निगम के अपर नगर आयुक्त राकेश त्यागी ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के प्रशिक्षुओं द्वारा मंगलाचरण का गायन किया गया। संचालन ब्रज भूषण चतुर्वेदी तथा गीता शोध संस्थान के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने किया। सिकरवार ने अनिरुद्धाचार्य का माला व पटुका पहनाकर स्वागत किया। लेखिका प्रो. अनीता चौधरी ने हेमा मालिनी को अपनी लिखी कहानी पुस्तक भेंट की।

इस अवसर पर दामोदर शर्मा, डा. देव प्रकाश शर्मा, पत्रकार गगार्चार्य, सुनील शर्मा, दीपक शर्मा एवं गीता विशेषज्ञ महेश शर्मा, नौटंकी कलाकार बृजेन्द्र वर्मा एवं राम सिंह, रितु, मानसी आदि को पटुका पहनाकर सम्मानित किया।

## थाना गोवर्धन पुलिस ने तमंचा और कारतूस सहित युवक को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/गोवर्धन।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गोवर्धन पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक गोवर्धन के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा रविवार की रात बृज वसुंधरा कट के समीप से आरोपी को दबोच लिया। चेकिंग दौरान पुलिस ने गांव आन्यौर निवासी भीम सैन उर्फ भीमो पुत्र दिगंबर निवासी आन्यौर, थाना गोवर्धन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना गोवर्धन में आर्म्स एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर सहित, उपनिरीक्षक विकेश तोमर, उपनिरीक्षक अरनव सिरोही, हेड कांस्टेबल प्रभाकर आदि थे।

# कमलानगर पुलिस ने 40 मिनट में लापता 7 वर्षीय मासूम को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा



मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में जानकारी के अनुसार, जनक पार्क के पास से एक 7 वर्षीय बालक अचानक लापता हो गया था। बच्चे के गायब होने की सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। तत्काल यूपी-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कमलानगर के तेज तर्रार थाना प्रभारी पवन कुमार सैनी पुलिस टीम के साथ बिना समय गंवाए इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। आसपास के क्षेत्रों में लगातार चेकिंग की गई और बच्चे की फोटो सोशल मीडिया व स्थानीय नेटवर्क के माध्यम से तेजी से प्रसारित की गई। पुलिस की सक्रियता का असर जल्द ही देखने को मिला। सर्च अभियान के दौरान मासूम देवराज उर्फ प्रेम हृदयम हॉस्पिटल के पास सुरक्षित अवस्था में मिल गया। बच्चे को सकुशल बरामद करने के बाद पुलिस ने उसे परिजनों को सौंप दिया। अपने बच्चे को सुरक्षित वापस पाकर परिवार की आंखों में खुशी के आंसू आ गए। परिजनों ने कमलानगर पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता और तेज कार्रवाई की जमकर सराहना की। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई को सराहनीय बताते हुए कहा कि समय रहते की गई कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया।

## नेशनल हाईवे 19 पर भीषण सड़क हादसा, केंट्रा ने इको कार को मारी जोरदार टक्कर



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/छाता।** क्षेत्र गांव दोताना के पास एक तेज रफ्तार केंट्रा (आइसीएम) केंटर ने आगे चल रही इको गाड़ी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि इको गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और वह पूरी तरह चकनाचूर हो गई। हादसे में गाड़ी में सवार बच्चों समेत करीब 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर लगते ही चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना की आवाज सुनकर हाईवे के किनारे मौजूद स्थानीय ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी के मलबे में फंसे घायल यात्रियों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही स्थानीय कोतवाली छाता पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी 5 घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज जारी है। घायलों में बच्चे भी शामिल बताए जा रहे हैं, जिनमें से कुछ की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद नेशनल हाईवे 19 पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त इको गाड़ी को हाईवे से हटाकर किनारे कराया, जिसके बाद यातायात को सुचारू रूप से चालू किया जा सका। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और फरार केंट्रा चालक की तलाश की जा रही है।

# ईमानदारी की मिसाल बनी महिला आरक्षी नेहा, पैसों से भरा बैग लौटाकर जीता महिला का भरोसा

मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में वर्दी सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, भरोसे की पहचान भी है' – इस बात को थाना एत्माद्दौला क्षेत्र में तैनात यातायात महिला आरक्षी नेहा ने अपने सराहनीय कार्य से सच साबित कर दिखाया। दिनांक 16 मई 2026 को रामबाग चौराहे पर ड्यूटी के दौरान एक महिला राहगीर का पैसों से भरा बैग सड़क पर गिर गया था, जिसे वहां मौजूद महिला आरक्षी नेहा को मिला। ड्यूटी के दौरान सतर्कता और ईमानदारी का परिचय देते हुए महिला आरक्षी नेहा ने दूर जा रही महिला राहगीर को आवाज लगाकर रोका और बैग के संबंध में जानकारी दी। जांच के बाद उन्होंने पैसों से भरा बैग सुरक्षित महिला को वापस सौंप दिया। अपना खोया हुआ बैग सुरक्षित वापस पाकर महिला भावुक हो उठी और उसने आगरा पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए महिला आरक्षी की ईमानदारी की जमकर सराहना की।



महिला आरक्षी नेहा के इस सराहनीय कार्य की जानकारी मिलने पर पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने उनके कार्य की प्रशंसा की।

पुलिस आयुक्त द्वारा महिला आरक्षी को उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति-पत्र एवं 1,000 की नगद धनराशि देकर सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। आगरा पुलिस की इस मानवीय और भरोसेमंद छवि की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है।

महिला आरक्षी नेहा का यह कार्य न केवल पुलिस विभाग की सकारात्मक छवि को मजबूत करता है, बल्कि समाज में ईमानदारी और जिम्मेदारी का प्रेरणादायक संदेश भी देता है।

## मेयर ने मोहकमपुर में लंबित विकास कार्यों एवं समस्याओं को लेकर किया स्थलीय निरीक्षण



ओ पी उनियाल

**देहरादून(वेलकम इंडिया)।** मेयर देहरादून, सौरभ थपलियाल ने आज मोहकमपुर फ्लाईओवर क्षेत्र में लंबे समय से लंबित विकास कार्यों एवं स्थानीय नागरिकों को हो रही समस्याओं को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्विस लेन के डामरीकरण, सड़क मरम्मत, सीवर एवं पेयजल लाइन कार्यों के बाद अधूरी छोड़ी गई व्यवस्थाओं, फ्लाईओवर के नीचे सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण एवं जल निकासी संबंधी समस्याओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बरसात के दौरान संभावित जलभराव एवं दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही फ्लाईओवर के नीचे नशा करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हेतु पुलिस विभाग को भी निर्देशित किया। मेयर ने कहा कि जनहित से जुड़े सभी विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# मथुरा में महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, होलीगेट पर लहराया केसरिया

## झाँकियों के माध्यम से अनेकता में एकता का दिया संदेश





वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** कान्हा की नगरी में क्षत्रिय वीर शिरोमणि महामानव महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के अवसर पर क्षत्रिय राजपूत वेल्फेयर सोसाइटी के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस आयोजन ने न केवल क्षत्रिय समाज के गौरव को प्रदर्शित किया, बल्कि सर्व समाज के महापुरुषों की झांकियों के माध्यम से 'अनेकता में एकता' का एक अनूठा संदेश भी दिया। शोभायात्रा का भव्य शुभारंभ डैम्पीयर नगर के गोलचक्कर स्थित शहीद भगतसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। यहाँ से शुरू होकर यह यात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और डीग गेट से होते हुए नगर के हृदय स्थल होलीगेट पहुँची। शोभायात्रा के दौरान मथुरा शहर पूरी तरह से केसरिया रंग में सराबोर नजर आया। हजारों की संख्या में एकत्रित हुए क्षत्रिय समाज के लोग सिर पर केसरिया पगड़ी बाँधे और हाथों में तलवार लिए उत्साह से भरे हुए दिखे। जब यह जनसैलाब होलीगेट पहुँचा, तो वहाँ मौजूद सर्व समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर और जयकारों के साथ इस भव्य यात्रा का जोरदार स्वागत किया। क्षत्रिय राजपूत वेल्फेयर सोसाइटी के मुख्य संयोजक प्रवीण ठाकुर ने बताया कि सोसाइटी द्वारा लगातार 8वीं वर्ष निकाली गई शोभायात्रा बेहद ही खास रही है, महाराणा प्रताप की जयंती के इस पावन मौके पर देश के विभिन्न महानुभावों की भव्य झांकियां भी शामिल की गई हैं, जिन्होंने लोगों के दिलों में अनूठी छाप छोड़ी है। क्षत्रिय राजपूत वेल्फेयर सोसाइटी के अध्यक्ष करण ठाकुर ने जानकारी दी कि यात्रा में मुख्य रूप से बाँके बिहारी, बाबा भोलेनाथ की झाँकी एवं महाराणा प्रताप की शौर्यगाथा दशार्ती झाँकी के साथ-साथ, भगवान परशुराम, महर्षि वाल्मिकी, महाराजा अग्रसेन, निषादराज, रानी अवंतिका बाई और महारानी अहिल्याबाई होल्कर जैसे और भी अन्य राष्ट्र के महान नायकों की झांकियां भी निकाली गईं। इन झांकियों के माध्यम से समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया गया है। इस भव्य आयोजन में केवल क्षत्रिय समाज की बड़ी हस्तियाँ ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के प्रमुख लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महापुरुषों की इन जीवंत झांकियों ने शहरवासियों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

## मुख्यमंत्री ने एचडीएफसी बैंक द्वारा सीएसआर के तहत चिकित्सा वाहनों का फ्लैग ऑफ किया



वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कैम्प कार्यालय परिसर, देहरादून से एचडीएफसी बैंक द्वारा सीएसआर के अंतर्गत चारधाम एवं आदि कैलाश यात्रा मार्ग हेतु प्रदान किए जा रहे चिकित्सा वाहनों (एम्बुलेंस) का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित तौर पर ये एम्बुलेंस आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करेंगी तथा यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं को त्वरित एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।


यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, सुचारु व्यवस्थाएं और सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस अवसर पर विधायक राजकुमार पोरी, विनोद कंडारी, अपर सचिव मनमोहन मैनाली, एचडीएफसी बैंक से मुस्कान सिंह (ब्रांच बैंकिंग हेड- नॉर्थ 3), संजीव कौशिक (रीजनल हेड-नॉर्थ 3), जोनल हेड उत्तराखण्ड बकुल सिक्का, स्टेट हेड उत्तराखण्ड गौरव जैन एवं आयुष सिंघल मौजूद थे।

# शूटिंग में दिव्यांश कपरवान ने जीता गोल्ड, जिले का नाम किया रोशन

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** जिले के उभरते शूटर दिव्यांश कपरवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर मथुरा का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित जिले के खेल प्रेमियों और शूटिंग रेंज में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिला रायफल एसोसिएशन के शूटिंग कोच मनीष चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखंड रायफल एसोसिएशन की ओर से देहरादून स्थित त्रिशूल शूटिंग रेंज में द्वितीय प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन 12 मई से 15 मई 2026 तक किया गया।



प्रतियोगिता में कई राज्यों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के 25 मीटर पिस्टल जूनियर मेन इवेंट में दिव्यांश कपरवान ने शानदार निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 300 अंकों में से 265 अंक हासिल किए और गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। दिव्यांश के पिता अनिल कपरवान वर्तमान में मथुरा पुलिस में सीओ पद पर तैनात हैं। बेटे की इस उपलब्धि से परिवार में गर्व और खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता से लौटने के बाद जब दिव्यांश शूटिंग एकेडमी पहुंचे तो खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने दिव्यांश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता जिले के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

## बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय के बाहर लड़की के अपहरण की सूचना निकली भ्रामक, पुलिस ने किया खंडन

मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में थाना रकाबगंज क्षेत्र में स्थित बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय के बाहर लड़की के कथित अपहरण की सूचना से रविवार को हड़कंप मच गया। डायल-112 पर सूचना दी गई थी कि सफेद रंग की पोलो कार में सवार एक महिला और पुरुष कॉलेज गेट के बाहर खड़ी एक लड़की को जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गए हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रकाबगंज पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ वाहन नंबर ट्रेस कर जांच शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि कार में मौजूद युवक के भाई के



साले द्वारा अपनी भाभी के साथ संबंधित युवती को जन्मदिन पार्टी के लिए बाजार ले जाया गया था और बाद में उसे वापस स्कूल छोड़ दिया गया। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि दोनों बालिग हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान अपहरण जैसी कोई घटना सामने नहीं आई है। मामले में तथ्यों की पुष्टि के बाद अपहरण की सूचना को भ्रामक पाया गया। फिलहाल पुलिस द्वारा अग्रिम जांच एवं आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# फतेहाबाद टोल प्लाजा पर चला पुलिस का विशेष अभियान, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई

मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** में पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के निर्देशन में आगरा पुलिस द्वारा जनसुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से 'ड्रिंक एंड ड्राइव' एवं 'मीट एंड ग्रीट' विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में इमरान अहमद के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस एवं यातायात पुलिस टीम ने फतेहाबाद टोल प्लाजा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों की जांच की गई और शराब पीकर वाहन चलाने वालों की पहचान



कर उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई।

साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर भी सख्ती दिखाई गई। पुलिस टीम ने यात्रा कर रहे यात्रियों, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा एवं यात्रा संबंधी अनुभवों की जानकारी ली तथा उन्हें सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने नन्हे बच्चों को चॉकलेट भेंट कर मानवता और संवेदनशील पुलिसिंग का परिचय भी दिया। आगरा पुलिस का यह अभियान सड़क सुरक्षा, जनजागरूकता और आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# बस्ती में विरोध सभा के साथ निजीकरण और उत्पीड़न के विरोध में पूर्वांचल में जनजागरण अभियान शुरू

## प्रदेश के अन्य जनपदों में भी पूर्ववत चलेगा विरोध प्रदर्शन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** सोमवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पूर्वांचल में बस्ती में जन-जागरण अभियान किया गया। इस अभियान के अंतर्गत पूर्वांचल के प्रमुख जनपदों और सबसे बड़ी परियोजनाओं ओबरा और अनपरा में सभाएं की जाएंगी। इस अभियान का उद्देश्य बिजली कर्मचारियों, अभियंताओं एवं संविदा कर्मियों पर हो रहे उत्पीड़न, बिजली व्यवस्था के निजीकरण की नीतियों तथा तानाशाहीपूर्ण निर्णयों के खिलाफ व्यापक जनसमर्थन तैयार करना है। विरोध सभा को संघर्ष समिति के केन्द्रीय पदाधिकारियों जितेन्द्र सिंह गुर्जर, महेन्द्र राय,मोहम्मद वसीम, प्रेमनाथ राय ने मुख्यतया संबोधित किया।

संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि 03 दिसंबर 2022 को माननीय ऊर्जा मंत्री एवं शासन स्तर पर हुए लिखित समझौते का अब तक पालन नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में व्यापक असंतोष है।

मार्च 2023 के आंदोलन के फलस्वरूप बिजली कर्मियों पर की गई दमनात्मक कार्यवाहियों, जिनमें एफआईआर, निलंबन, दूरस्थ स्थानों पर स्थानांतरण तथा अनुशासनात्मक कार्रवाइयां शामिल हैं, को तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। 19 मार्च 2023 को माननीय ऊर्जा मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप सभी उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों को समाप्त किया जाना आवश्यक है।

उनके द्वारा यह भी कहा गया कि डाउनसाइजिंग एवं वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर बड़ी संख्या में संविदा कर्मियों को हटाया गया है, जिन्हें पुनः बहाल किया जाए तथा आउटसोर्स कर्मियों को उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम में समाहित किया जाए। साथ ही निलंबित कर्मचारियों की सम्मानजनक बहाली, दूरदराज किए गए स्थानांतरणों की वापसी तथा बहाली के बाद भी जारी अनुशासनात्मक कार्रवाइयों को समाप्त करने की मांग की गई। संघर्ष समिति ने यह भी मांग की कि आंदोलन से जुड़े सभी एफआईआर वापस लिए जाएं, स्टेट विजिलेंस की जांच समाप्त की जाए और पदाधिकारियों पर लक्षित कार्रवाई रोकी जाए।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी मुकेश गुप्ता ने फेशियल अटेंडेंस के नाम पर वेतन कटौती, विरोध सभाओं में भाग लेने पर बड़े पैमाने पर किए गए स्थानांतरण, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अलग होने पर की जा रही अनुशासनात्मक कार्रवाइयों तथा बिजली कर्मियों के आवासों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने जैसी कार्यवाहियों को तत्काल बंद करने की मांग की गई। साथ ही ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर अभियंताओं एवं जूनियर इंजीनियरों से वसूली के अवैधानिक आदेश को भी वापस लेने की मांग की गई।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी सुनील प्रजापति ने प्रदेश की जनता, किसानों एवं उपभोक्ताओं से अपील की है कि यह आंदोलन केवल कर्मचारियों का नहीं, बल्कि सस्ती, सुलभ एवं विश्वसनीय बिजली व्यवस्था को बचाने का संघर्ष है। निजीकरण से जहां एक ओर उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा, वहीं दूसरी ओर सेवाओं की गुणवत्ता भी प्रभावित होगी। अतः सभी नागरिकों से इस जन-जागरण अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई है।

संघर्ष समिति ने संकल्प लिया कि बिजली कर्मी उपभोक्ताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर सेवा देते हुए, आंदोलन के दौरान भी उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे तथा उत्पीड़न एवं निजीकरण के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखेंगे। आज संत कबीर नगर से भारी संख्या में विद्युत कर्मचारियों ने बस्ती में मुख्य अभियंता कार्यालय पर जाकर केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा । इस क्रम में ई0 जितेंद्र सिंह गुर्जर , मो0 वसीम , प्रेमनाथ राय , ई0 मुकेश गुप्ता, ई0 पंकज कुमार, मो0 नासिर , नारायण चंद्र चौरसिया, सुनील प्रजापति, भास्कर पांडेय, नकुल , सूरज प्रजापति , चंद्र केश मौर्य, रमेश प्रजापति, आर्यन कुमार, विजय वाल्मीकि, विजय कुमार, अरविंद गुप्ता , श्रवण प्रजापति, धीरेन्द्र यादव दिलीप मौर्य, दिनेश चन्द्र, सदानंद शर्मा, संजय यादव, हरिप्रसाद , ओमप्रकाश राय , अमरनाथ , अभय कुमार समेत सैकड़ों की संख्या बिजली कर्मचारी एवं संविदा साथी भी मौजूद रहे ।

# अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर व्याख्यान व प्रदर्शनी अवलोकन का हुआ आयोजन



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** सद्गुरु कबीर की निर्वाणस्थली मगहर के कबीर चौरा परिसर में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर मगहर स्थित राज्य संरक्षित स्मारक संत कबीर की समाधि एवं मजार परिसर में राज्य पुरातत्व विभाग लखनऊ उत्तरप्रदेश की निदेशक रेनू द्विवेदी के निर्देशन में क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई गोरखपुर के क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डाक्टर कृष्ण मोहन दूबे की अध्यक्षता में स्कूली बच्चों के स्मारक भ्रमण, छायाचित्र प्रदर्शनी तथा व्याख्यान का आयोजन किया गया।जिस में उच्च प्राथमिक विद्यालय मगहर प्रथम के छात्र-छात्राओं एवं अन्य स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का शुभारंभ संत कबीर की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। छात्रों को परिसर स्थित प्रदर्शनी का अवलोकन कराते हुये क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी गोरखपुर डॉक्टर कृष्ण मोहन दूबे ने बच्चों को प्रदर्शनी में प्रदर्शित छायाचित्रों के विषय में तथा उनके पुरातात्विक महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि पुरातात्विक स्थल को स्वच्छ तथा उसकी रक्षा करना हमसभी का कर्तव्य बनता है। इस स्थानों से हमारी संस्कृति का पता चलता है।इसके अलावा उनके संरक्षण तथा आगामी पीढ़ी को हस्तांतरित करने के जिम्मेवारी के विषय में भी जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस तथा संग्रहालय के अध्ययन के महत्व के विषय में भी विशेष प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अगली कड़ी में छात्र-छात्राओं को सूफी संत कबीर की समाधि एवं मजार का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय मगहर के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार गुप्ता, सहायक अध्यापक ,निसार अहमद के अलावा क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई गोरखपुर के विजय प्रताप त्रिपाठी, दुर्गेश कुमार सिंह, विजय रतन शुक्ला, अतुल कुमार शुक्ला एवं किशन लाल आदि उपस्थित रहे।

# पाक कला भोजन पकाने, सजाने और परोसने की कला और विज्ञान है: संजय द्विवेदी

## ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा में समर कैंप के पांचवे दिन बच्चों ने सिखा पौष्टिक भोजन बनाने का तरीका





वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** सोमवार को विकास खंड सेमरियावां के ए.एच. एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा में भारतीय भाषा समर कैंप-2026 के पाँचवे दिन छात्र छात्राओं ने पाक कला के गुर सीखे। इस दौरान विद्यार्थियों ने ग्रुप में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाये। शिक्षकों ने समूह के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए पकवानों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी और संचालन मोहम्मद शाहिद ने किये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि पाक कला भोजन पकाने, सजाने और परोसने की कला और विज्ञान है। बच्चों के लिए पाक कला सीखना एक बेहतरीन और रचनात्मक अनुभव है। इससे न केवल बच्चे स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन बनाना सीखते हैं, बल्कि वे आत्मनिर्भर बनते हैं। उनमें गणित, विज्ञान व सहयोग जैसे कई जीवन कौशल भी विकसित होते हैं। पाक कला के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि बच्चे छोटी-छोटी चीजें जैसे- सैंडविच, सलाद या शेक बनाना सीखकर अधिक आत्मनिर्भर बनते हैं। नाप-तोल करने से गणितीय कौशल और तापमान व मिश्रण के प्रयोगों से विज्ञान की समझ बढ़ती है। शोध बताते हैं कि पाक कला सीखने वाले बच्चों में सब्जियों और पौष्टिक आहार के प्रति स्वीकार्यता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि भोजन तैयार करने, उसे पकाने तथा प्रस्तुत करने की कला पाक कला कहलाती है। लेकिन जब हम खाने को पकाने के साथ उसे अच्छे से परोसते भी हैं, तो उसे कुलिनरी आर्ट्स कहते हैं। लोगों को आवश्यक अनुभव प्रदान करता है, जिससे किसी भी व्यंजन का स्वाद निखर जाता है। यह पाठ्यक्रम आपको अधिक पेशेवर बनने, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से भोजन तैयार करने में मदद करता है। इससे आप कार्यस्थल पर नैतिक व्यवहार सीखते हैं। छात्रा सानिया खातून, अशीर्या, अदीबा आलमीन , नूरमा खातून, जेबा इरम, कहकशा अंजुम, कनीज फातिमा, उम्मे सलमा, करीना खातून ने विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, अब्दुस्सलाम, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, हकीमुल्लाह, जुनेद अहमद, मुहम्मद जाहिद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, रफी अहमद अंसारी, आरिफ अली आदि मौजूद रहे।

# विद्युत चोरों के खिलाफ विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही



वेलकम इंडिया संवाददाता

**राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान।** सोमवार को जेवीवीएनएल अधीक्षण अभियंता विवेक शर्मा के आदेशानुसार उपखंड राजाखेड़ा सहायक अभियंता आनंद तिवारी के निर्देशन में कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा और उनकी टीम के मरैना ने एवं विद्युत थाना पुलिस द्वारा करीब 7 लाख की बकाया राशि पर पांच ट्रांसफार्मर उतार कर स्टोर में जमा कराए ।एक ट्रांसफार्मर गाडराई से, एक ट्रांसफार्मर कठूमरा से ,दो ट्रांसफार्मर शंकरपुर से और एक ट्रांसफार्मर चीलपुरा गांव से उतार कर स्टोर में जमा कराये ।वही मौके पर 4 ट्रांसफार्मर की बकाया राशि जमा कराए। दूसरी टीम कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल और उनकी टीम द्वारा नाहिला फीडर से 2 थ्री फैस ट्रांसफार्मर करीब 4 लाख की बकाया राशि पर उठा कर स्टोर कार्यालय में जमा किए इसके साथ ही मौके से 1 लाख रुपए के बिल नगद जमा किए गए ।तीसरी टीम,संजीव पाठक और उनकी टीम द्वारा राजाखेड़ा शहर में डीसी पीडीसी परिसरों की जांच की साथ ही करीब 180 अवैध केबलों को जप्त किया ।कार्यवाही टीम में वरिष्ठ टेक्निशियन अवधेश शर्मा,वीरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह,अमीर चंद,सोनेश,संदीप दीक्षित,गोपाल कुशवाह, रमेश सिंह,चित्र सिंह,भूदेव शर्मा,जगदीश सिंह,इत्यादि साथ थे।

# डीएम की अध्यक्षता में सरार्फा व्यापारियों संग बैठक, आर्थिक सुरक्षा व पारदर्शिता पर दिया गया जोर



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए सोने के आयात को कम किये जाने के आह्वान के क्रम में जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सरार्फा एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी द्वारा बैठक को सम्बोधित करते हुए यह अवगत कराया गया कि वैश्विक परिदृश्य के क्रम में देश हित में बुलियन व 24 कैरेट गोल्ड व सोना के आयात को कम करना है। आभूषणों की बिक्री पर कोई रोक नहीं है तथा वह जारी रहेगी क्योंकि इससे लोगों की रोजी-रोटी जुडी है। आभूषणों की खरीद-बिक्री तथा कारीगरों के कार्य की सुरक्षा हेतु पुरानी ज्वैलरी की खरीद-बिक्री नियमानुसार किये जाने की आवश्यदकता है। जनपद के प्रमुख सरार्फा पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा यह कहा गया कि देशहित सर्वोपरि है, विदेशी मुद्रा भण्डार पर दबाव कम करने के लिए हर संभव सहयोग करने हेतु वह सदैव तत्पर हैं।

बुलियन के आयात को कम करने हेतु संगठन के सदस्यों द्वारा बुलियन व गोल्डनबार की बिक्री आम जन को न किये जाने का भी निर्णय लिया गया। आभूषण उद्योग से कारीगरों, डिजाइनरों, छोटे व्यापारियों पर अन्यु बहुत सारे लोगों की आजीविका जुडी है अतः आवश्यकतानुसार ज्वैलरी की बिक्री की जायेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पुराने ज्वैलरी की खरीद-बिक्री को प्रोत्साहन करने हेतु प्रयास किया जायेगा तथा उक्त के सम्बन्ध में पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा प्रशासनिक सुरक्षा व सहयोग की अपील की गयी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा प्रशासनिक सुरक्षा व सहयोग का आश्वासन दिया गया। बैठक में उपस्थित सरार्फा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिला व पुलिस प्रशासन को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि ठोस सोने के बजाय सिर्फ निर्मित जेवर बेचने के फैसले से न केवल स्थानीय स्वर्णकार कारीगरों को रोजगार मिलेगा, बल्कि बाजार की छवि भी साफ-सुथरी होगी। इस अवसर पर राजेश कुमार पाण्डेय, उपायुक्त, राज्य कर विनय कुमार गुप्ता, उपायुक्त, राज्य कर तथा धम्म प्रिय सांकृत्यायन, सहायक आयुक्त तथा सरार्फा व्यापार मंडल के महामंत्री श्यामसुन्दुर वर्मा, रजनीश वर्मा, विनोद रुंगटा, सत्य प्रकाश वर्मा, मंगल वर्मा, त्रिलोकी नाथ वर्मा, राजेंद्र वर्मा, राजू वर्मा, रामदयाल वर्मा, राजेश कुमार वर्मा, अरविन्द वर्मा, हनुमान वर्मा, अनूप कुमार वर्मा, गोपाल जी वर्मा सहित जनपद के सरार्फा स्वर्णकार समिति के अनेकों सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# सरकार को सभी धर्मों पर एक-समान कानून व्यवस्था लागू करना चाहिए : दिनेश चन्द्र गौतम

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** समता मूलक समाज की स्थापना करने के लिए सभी धर्मों पर एक–समान कानून व्यवस्था लागू करना सरकार की जिम्मेदारी है, भेदभाव से देश कमजोर होगा। उक्त बातें बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने कही। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन कु0 मायावती ने अपने ट्विटर हैंडल पर स्पष्ट लिखा है कि अपने भारत देश की दुनिया भर में अच्छी एवं अनोखी मानवतावादी पहचान है। खासकर बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के अनूपम संविधान लेकर जो पूरी तरह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धानत पर आधारित हैं, जिसमें रह रहे विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोग एक समान आदर सम्मान देना है। साथ ही साथ सभी धर्मों के मानने वाले लोगों की जान–माल धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। जैसा कि देश में सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक हालात इतने कठिन है। ज्वलन्त समस्याये इतने अधिक दु:खद व कष्टदाई है। सरकार को अपना पूरा ध्यान उन विषेश मुद्दों पर केन्द्रित करना चाहिए, ना कि विध्वंसकारी इमेज के माध्यम से लोगों का ध्यान उसपर से बांटने का प्रयास करना चाहिए। इससे देश की राष्ट्रीय समस्याओ का समाधान नहीं होगा, बल्कि समस्या बड़ेगी, जो कि देश हित में नहीं हैं।

# दवा विक्रेता समिति ने 20 मई को राष्ट्र व्यापी बंदी का किया ऐलान

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** दवा विक्रेता समिति सिद्धार्थनगर ने विभिन्न समस्याओं को लेकर 20 मई को राष्ट्र व्यापी बंदी का ऐलान किया है। सोमवार को दवा विक्रेता समिति सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष जमील सिद्दीकी की अगुवाई में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में लिखा है कि संगठन के द्वारा औषधि व्यापार एवं जन स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले मुद्दे बार बार उठाने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा अनदेखी किया जा रहा है जोकि चिंता का विषय है। दवा विक्रेता संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से बंदी का ऐलान कर अवैध ई फामेर्सी संचालन बंद करने, नकली एवं अनुचित भंडारण पर रोक,कॉरपोरेट द्वारा दी जा रही भारी छूट के खिलाफ मांग की है ।प्रतिबंधित दवाएं भी बिना प्रिस्क्रिप्शन और पर्चे के ऑनलाइन फामेर्सी के माध्यम से लोगों तक पहुंच रही है जिससे इसका दुरपयोग हो रहा है ।युवा पीढ़ी इससे पूरी तरह प्रभावित है लोकल का दवा व्यापारी पूरी तरह इस ऑनलाइन फामेर्सी की वजह से शोषित है ।इन समस्याओं के समाधान के लिए जिले का व्यापारी जिलाधिकारी के माध्यम से अपनी बात शासन प्रशासन तक पहुंचा रहा है ताकि सरकार समस्याओं का समाधान निकाले और दवा विक्रेताओं को राहत मिले । संगठन ने मरीजों से अनुरोध भी किया है कि जीवन रक्षक दवाएं एक दिन पहले ही नजदीकी दवा की दुकानों से खरीद लें ताकि किसी तरह की कोई असुविधा न हो। इस अवसर पर मनोज जायसवाल, जिला महासचिव, अनिरुद्ध राय नगर अध्यक्ष, मुजीबुल्लाह उर्फ मुजीब नगर महासचिव, जितेंद्र मिश्रा नगर उपाध्यक्ष, राहुल अग्रहरि संयुक्त मंत्री, प्रदीप वर्मा जिला मीडिया प्रभारी, कृष्ण बहादुर सिंह, उबैदुल्लाह, अशफाक अहमद, शाहिद अहमद आदि रहे।

# शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा के साथ विशाल भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





असदुल्लाह सिद्दीकी

**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** विकास खंड बर्डपुर के खड़खड़िया चौराहा क्षेत्र स्थित बर्डपुर नंबर-12, टोला सिसवा में सोमवार को श्री शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और धार्मिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण शामिल हुए।सुबह से ही मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना और कलश यात्रा के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम शुरू हुआ। विद्वान आचार्यों ने पूरे विधि-विधान के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई। इस दौरान पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। यह भव्य कार्यक्रम प्रहलाद शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसे सफल बनाने में राधेश्याम शर्मा, श्यामसुंदर शर्मा, अनिल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, रामअचल शर्मा, रामकरन, संजय, नितेश एवं सागर सहित सभी ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

वहीं, प्रधान प्रत्याशी वीरू यादव और वर्तमान प्रधान (गायघाट) जीतू जी की देखरेख में पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य अनुष्ठान के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें देर शाम तक हजारों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर ग्रामीणों की सुविधा के लिए पेयजल और बैठक की विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। इस धार्मिक उत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में भारी उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का कैम्प का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का कैम्प सेमरियावॉ ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जितेन्द्र कुमार गौतम, सहायक आयुक्त उद्योग, उद्योग विभाग, संत कबीर नगर के द्वारा योजना के विषय में विस्तृत विवरण देते हुये अवगत कराया गया कि योजना के प्रथम चरण में रु. 5.00 लाख तक की परियोजनाओं हेतु 04 वर्षों तक 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त तथा कोलेटरल गारन्टी मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। पूर्वांचल क्षेत्र के आवेदकों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान बैंक में जमा करना होगा, जो परियोजना ऋण के साथ मुक्त किया जायेगा। योजना की पात्रता में आयु सीमा 21 से 40 वर्ष, शैक्षिक योग्यता न्यूनतम कक्षा 8 उत्तीर्ण तथा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त होना अनिवार्य है। कौशल प्रशिक्षण से तात्पर्य विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी प्रशिक्षण योजना, एस०सी०/एस०टी०/ओबीसी प्रशिक्षण योजना/उ०प्र० कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षित अथवा आई०टी०आई० उत्तीर्ण/पॉलीटेक्निक उत्तीर्ण/खादी ग्रामोद्योग विभाग से प्रशिक्षित। योजनान्तर्गत आवेदन पत्र केवल आनलाईन विभागीय पोर्टल https://diupmsme.upsdc.gov.in अथवा https://msme.up.gov.in पर ही प्राप्त किये जा रहें हैं। मिशन निदेशक लखनऊ द्वारा जनपद का लक्ष्य 1600 निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये राजेश कुमार, बी0डी0ओ0, सेमरियावॉ के के दूबे द्वारा कहा गया कि सी0एम0युवा योजना उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत बेरोजगार युवाओं/युवतियों को स्वरोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होने जनपद के युवाओं/युवतियों से योजनान्तर्गत अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु अपील किया गया। तथा गुगल प्ले स्टोर से सी0एम0युवा ऐप डाउनलोड करके, योजना की तकनीकी जानकारी प्रदान की जा सकती है। कार्यक्रम में पंचायत सहायक, समूह सखी, बी0सी0सखी, रोजगार सेवक, ब्लाक के अन्य कर्मचारीगण ,श्रीमती शिवांगी चौधरी, कम्प्यूटर आपरेटर उद्योग विभाग, सदीप कुमार एम0टी0एस0 उद्योग विभाग एवं भारी संख्या में युवाओं/युवतियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# आरजीएचएस और समर्पित अवकाश बहाली को लेकर आर-पार की जंग

वेलकम इंडिया संवाददाता



**धौलपुर राजस्थान।** राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित और न्यायोचित मांगों पर अपनाए जा रहे उपेक्षापूर्ण रवैये के खिलाफ अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने अब पूरी तरह से आर-पार की जंग का बिगुल फूंक दिया है। इसी सिलसिले में राजधानी जयपुर के गवर्नमेंट प्रेस कार्यालय में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और आपातकालीन प्रदेश स्तरीय महाबैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सरकार के कर्मचारी विरोधी रवैये के खिलाफ और कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए व्यापक आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया की इस बैठक में विभिन्न संवर्गों की लंबित मांगों, राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) को बीमा कंपनी को नहीं देकर पूर्व की भांति समस्त अनुमोदित अस्पतालों में ओपीडी एवं आईपीडी तथा दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित करने, सरेंडर लीव (समर्पित अवकाश) का भुगतान तुरंत जारी करने, बजट घोषणा के अनुरूप पदोन्नति में अनुभव एवं सेवा अवधि में 2 वर्ष की छूट, संविदाकर्मियों एवं ठेका कर्मचारियों के अविलंब नियमितीकरण सहित लंबित 25 सूत्री मांगपत्र जैसे संवेदनशील वित्तीय लाभों को लेकर एवं चिकित्सा मंत्री द्वारा आरजीएचएस को बीमा कंपनी को देने के बयान पर कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। बैठक में मौजूद समस्त पदाधिकारियों ने एक सुर में सरकार को चेतावनी दी कि कर्मचारियों के सब्र का बांध अब टूट चुका है और अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा। महासंघ (एकीकृत) ने सरकार के ध्यानाकर्षक हेतु चरणबद्ध और व्यापक आंदोलन की घोषणा करते हुए साफ कर दिया है कि कल, यानी 19 मई को महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम मुख्य सचिव को अंतिम चेतावनी ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके तुरंत बाद, 20 मई से राज्य के सभी जिलों में मोर्चा खोलते हुए समस्त जिला अध्यक्षों द्वारा जिला कलेक्टर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों (HOD) तथा कार्यालय अध्यक्षों के माध्यम से मुख्यमंत्री को चेतावनी ज्ञापन भिजवाए जाएंगे। यदि इसके बावजूद भी सरकार की नींद नहीं खुली, तो आगामी 25 मई से 30 मई तक पूरे राजस्थान के कर्मचारी हर दिन दोपहर 12:30 बजे से 1:30 बजे तक पूर्ण रूप से कार्य का बहिष्कार करेंगे। महासंघ ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि इस ऐतिहासिक कार्य बहिष्कार के बाद भी यदि दमनकारी नीतियां नहीं बदली गईं, तो पूरे प्रदेश में प्रचंड 'कर्मचारी जागृति यात्रा' निकालकर कर्मचारियों को जाग्रत करते हुए बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

इस आक्रोश महाबैठक को प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़, कुलदीप यादव, विनोद सिद्धा, शेर सिंह यादव, देवेंद्र सिंह नरूका, राजेन्द्र शर्मा, अजयवीर सिंह, ओमप्रकाश चौधरी, सुरेश चंद शर्मा, प्रकाश यादव, विजय सिंह, चंद्रभान चौधरी, पवन शर्मा, भंवर सिंह हाडा, शंभू सिंह हाडा, गोपाल सिंह तंवर, खेमराज सिंह सोलंकी, तेज प्रकाश चतुर्वेदी, कान्ति कुमार शर्मा, सर्वेश्वर शर्मा, रणजीत मीणा, सुभाष यादव, शिवकुमार, प्रहलाद राय, नाथू सिंह गुर्जर, बहादुर सिंह, महेश कुमार, गोपाल शर्मा, ज्ञानचंद जांगिड़, प्रताप सिंह खुडी, लक्ष्मी नारायण मीणा, शशि शर्मा सहित प्रदेशभर से आए सभी जिला अध्यक्षों और वरिष्ठ कर्मचारी नेताओं ने संबोधित करते हुए संगठन की एकजुटता का अहसास कराया।

# भगवानपुर पर्यटन ग्राम में दो दिवसीय कृषि पर्यटन एवं प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण आयोजित

वेलकम इंडिया संवाददाता





**बुगरासी।** विश्व एग्रो-टूरिज्म दिवस के अवसर पर पर्यटन ग्राम भगवानपुर, में कृषि पर्यटन एवं प्राकृतिक खेती विषय पर दो दिवसीय अभिसरण आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पर्यटन विभाग एवं कृषि विभाग, बुलंदशहर के संयुक्त प्रयासों से किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कृषि एवं पर्यटन को जोड़ते हुए ग्रामीण आजीविका और सतत विकास को बढ़ावा देना था। प्रशिक्षण सत्र का संचालन कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षित प्राकृतिक खेती प्रशिक्षक एवं नागरबंधु एफपीओ, बुलंदशहर से जुड़ी दीपिका त्यागी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों (SHG), युवाओं एवं किसान आधारित सेवा प्रदाताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में प्राकृतिक खेती, जीवामृत निर्माण, पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों तथा खेती को पर्यटन अनुभव के रूप में विकसित करने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों को निकटवर्ती सब्जी फार्म का भ्रमण भी कराया गया, जहां प्राकृतिक खेती की व्यवहारिक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम ने ग्रामीण पर्यटन, सामुदायिक सहभागिता एवं सतत आजीविका को बढ़ावा देने हेतु पर्यटन और कृषि विभाग के अभिसरण की महत्ता को रेखांकित किया।

पर्यटन विभाग से जिला समन्वयक जितेन्द्र कुमार ग्राम समन्वयक गौरव त्यागी कृषि विभाग से दीपा त्यागी गांव से जयनंद त्यागी पवन त्यागी प्रदीप त्यागी मोमराज केवट योगेश केवट आदेश शर्मा बृजभूषण शर्मा मोहनलाल केवट संदीप त्यागी दीपक त्यागी विमलेश देवी सविता देवी रितु सोनम त्यागी राजेशवती अनु, प्रिया व सविता देवी रहीं।

# गंगापुर सदन की बैठक में गूंजी जनहित की मांग



संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** रोहनिया नगर पंचायत गंगापुर कार्यालय में सोमवार दोपहर सदन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अधिशासी अधिकारी नवनीत कुमार जायसवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि सत्यम सेठ सहित नगर पंचायत के सभी वार्डों के सभासद और सरकार द्वारा मनोनीत नामित सभासद उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नगर क्षेत्र के विकास कार्यों और जनसमस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न वार्डों के सभासदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं को सदन के समक्ष रखा। सभासदों ने विशेष रूप से साफ-सफाई, जल निकासी, पेयजल व्यवस्था, पाइपलाइन लीकेज और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया। अधिकारियों ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। अपना दल एस के नामित सभासद कमलेश गुप्ता ने नगर हित से जुड़ी प्रमुख मांगों को सदन में उठाया। उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र में शव वाहन, एम्बुलेंस सेवा और सार्वजनिक लाइब्रेरी की व्यवस्था किए जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं के उपलब्ध होने से नगरवासियों को काफी राहत मिलेगी और जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता मिल सकेगी। वहीं, सभासद चरनदास गुप्ता ने नगर क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा पाइपलाइन लीकेज जैसी समस्याओं का जल्द निस्तारण कराने की मांग की।

# दहेजलोभी पुलिसकर्मी पति समेत ससुराल पक्ष पर हत्या के प्रयास और अश्लील हरकत का मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया संवाददाता



**जहांगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां दहेज की वेदी पर एक और विवाहिता को चढ़ाने का प्रयास किया गया। क्षेत्र के गांव गंगावास पहाड़ा निवासी एक विवाहिता ने अपने पुलिसकर्मी पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों पर दहेज उत्पीड़न, अश्लील हरकत, बेरहमी से मारपीट और जान से मारने के प्रयास जैसे संगीन आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के आदेश पर जहांगीराबाद पुलिस ने मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगावास पहाड़ा निवासी पीड़िता का विवाह 27 नवंबर 2024 को हिंदू रीति-रिवाज के साथ कोतवाली क्षेत्र के ही गांव सलैमगढ़ निवासी युवक के साथ हुआ था। पीड़िता के परिवार ने शादी में अपनी हैसियत से बढ़कर करीब 40 लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि इतना सब देने के बाद भी ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे।

शादी के कुछ समय बाद से ही उन्होंने अतिरिक्त 20 लाख की मांग शुरू कर दी और मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता द्वारा बताया गया है कि उसका पति पुलिस विभाग में आरक्षी (कांस्टेबल) के पद पर तैनात है। पीड़िता ने अपने जेठ पर भी बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं।

शिकायत के अनुसार, जेठ ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं और जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। जब पीड़िता ने इस घिनौनी करतूत का विरोध किया, तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इतना ही नहीं, पीड़िता ने ससुराल वालों पर उसका जबरन गर्भपात कराने का भी संगीन आरोप लगाया है। हैवानियत की हदें तब पार हो गईं जब पीड़िता द्वारा विरोध करने और शिकायत करने की बात कहने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसका गला दबाकर उसे जान से मारने की कोशिश की। खुद को फंसता देख आरोपियों ने पीड़िता के मुंह में कोई नशीला पदार्थ डाल दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। घटना की भनक लगते ही मायके पक्ष के लोग आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और लहूलुहान व बेहोशी की हालत में पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

> मामला बेहद गंभीर है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है, जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **सुदेश कुमार**
> **कोतवाली प्रभारी**

# भाजपा नेता डीके शर्मा ने विधायक से मिलकर सड़क बनवाने को लेकर मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री कमिश्नर को लिखा पत्र

वेलकम इंडिया संवाददाता



**अहमदगढ़/बुलंदशहर।** भाजपा नेता डीके शर्मा ने अहमदगढ़ की मुख्य सड़कों को बनवाने के लिए क्षेत्रीय विधायक अनिल शर्मा मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री कमिश्नर को पत्र लिखकर सड़क बनवाने की मांग की है जो प्रमुख सड़के हैं उनमें ग्राम अहमदगढ़ में शमशान से लेकर वैनी प्रधान के स्कूल के आगे होते हुए दीवान सिंह कश्यप के घर तक ग्राम अहमदगढ़ में सोमवार पेठ बाजार के सामने से कश्यप समाज के मंदिर के आगे होते हुए बच्चू सिंह कश्यप के मकान तक सड़क निर्माण ग्राम अहमदगढ़ में टावर वाले मोहल्ले में सरदार सिंह बघेल के मकान से तथा अहमदगढ़ पहासू मार्ग से दूधी सिंह बघेल के मकान के सामने से सरकारी कोठी पर होते हुए अहमदगढ़ भीकमपुर व अहमदगढ़ स्यालरी रोड तक रास्ता निर्माण ग्राम अहमदगढ़ में मेंन हाईवे से विजय उर्फ गुड्डू प्रधान के प्लांट के पीछे होते हुए अहमदगढ़ पहासू रोड तक रास्ता निर्माण ग्राम अहमदगढ़ में मैंन हाईवे से अहमदगढ़ खेलिया वाले रोड तक नहर की पटरी पर रास्ता निर्माण ग्राम अहमदगढ़ के मजरा पापड़ी में पापड़ी वाले नहर के पुल से ग्राम मेवाती नगला तक नहर की पटरी पर रास्ता निर्माण इन सभी रास्तों को लोक निर्माण विभाग द्वारा बनवाने की मांग भाजपा नेता डीके शर्मा के द्वारा की गई है जिसमें क्षेत्रीय विधायक अनिल शर्मा ने अधिक से अधिक रास्तों को शीघ्र बनवाने का आश्वासन दिया है।

# गर्मियों में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बढ़ा पुनीत कार्य : जिला पुलिस अधीक्षक

वेलकम इंडिया संवाददाता



**धौलपुर राजस्थान।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी में राहगीरों को शुद्ध व शीतल जल उपलब्ध कराने के लिये राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से सर्किट हाउस के गेट के बगल से शीतल जल की सार्वजनिक प्याऊ जल मंदिर का संचालन प्रारंभ किया। सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने जल मंदिर का फीता काटकर व अपने हाथों से राहगीरों को शरबत पिलाकर सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया ।शुरूआत में संघ के पूर्व प्रांतीय महामंत्री एवं अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने गुलदस्ता भेंट कर एसपी का स्वागत किया। इस मौके पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि गर्मियों के मौसम में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य होता है । जिले के भामशाहों एंव समाजसेवियों को इस तरह के पुनीत कार्यो में अपनी भागीदारी बढ़ चढ़ कर निभानी चाहिये ,क्योंकि गर्मी की ऋतु में प्याऊ इन्शान के लिये बरदान साबित होती है । एसपी ने शिक्षक संघ के पदाधिकारियो द्वारा आपसी सहयोग से शीतल जल की प्याऊ का संचालन शुरू किये जाने की सराहना कर उन्हे बधाई दी। ।संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने कहा कि इन दिनों जिले में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है ।संघ के पदाधिकारियों द्वारा आपसी सहयोग से बीते इस बार 12 वीं साल जल मन्दिर सार्वजनिक प्याऊ का संचालन शुरू किया गया है ।पूरी गर्मियों की ऋतु में राहगीरों व आम जन को शुद्ध एवं शीतल जल उपलब्ध कराया जाएगा। संघ के जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर ने कहा कि संगठन के पदाधिकारी केवल अपनी मांगों के लिए ही कार्य नहीं करते हैं,बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी भूमिका निभाते आ रहे हैं। आमजन में शिक्षक समाज की छवि निखरे इसीलिए संगठन की ओर से लगातार जन सेवा के कार्य भी किए जाते ।इस मौके पर जिला मंत्री चन्द्र शेखर शर्मा नंदकिशोर लोधी, अलिंद चौहान,अनिल मिश्रा, केदार सिंह बघेल,राजेश कुमार शर्मा ,अनिल शर्मा, फिरोज खान बालकिशन शर्मा

# कुकिंग सिलेंडर में आग लगने से घर का सामान स्वाहा



वेलकम इंडिया संवाददाता

**स्याना/बुलंदशहर।** घर में खाना बनाते समय कुकिंग गैस एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई। आग के भड़कने से घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया। स्याना के मोहल्ला अंबेडकर गली निवासी सोनू ने घटना के संबंध में कोतवाली पर तहरीर दी है। अवगत कराया कि देरशाम घर में खाना बनते समय अचानक एलपीजी सिलेण्डर (इण्डेन कम्पनी) में आग लग गई, जबकि पाइप वगैरह ठीक-ठाक रखा था तथा सही स्थिति में था। सोनू के मुताबिक गैस सिलेण्डर की कमजोरी/खराबी के कारण गैस सिलेण्डर में आग लगी। सोनू व परिजनों ने सिलेण्डर की आग को बुझाने का काफी प्रयास किया और आग को देखकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंचे और उन्होने भी आग बुझाने का प्रयास किया, परन्तु आग नही बुझ पायी। गैस सिलेण्डर की खराबी के कारण लगी आग से घर में रखा सारा सामान रसोई में रखे सारे बर्तन, फ्रिज, मिक्सी, कपड़े व कागजात इत्यादि जल गये और काफी सामान जलकर राख हो गया। सोनू का चेहरा भी आग में झुलस गया। सोनू व परिजनों ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। सोनू ने घर में सिलेण्डर फटकर आग लगने की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

# कला,ज्ञान एवं पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम





संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** सनबीम स्कूल बाबतपुर में 18 मई 2026 को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विविध रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 'मंकी क्राफ्ट एक्टिविटी,बबल चैलेंजर,एडवेंचर कैंप,पपेट शो,ट्रेजर हंट तथा फेस पेंटिंग' जैसी आकर्षक गतिविधियों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने रंगीन कागज,पुराने गत्ते,रंगों एवं अन्य सजावटी सामग्रियों की सहायता से सुंदर एवं आकर्षक आकृतियाँ तैयार कीं।

बच्चों की कल्पनाशक्ति,कला कौशल और हस्तकला में रुचि को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में नन्हे प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण,पुनर्चक्रण तथा उपयोगी वस्तुओं के पुनः प्रयोग का महत्व भी समझाया। बच्चों ने विभिन्न कलात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने के साथ-साथ भरपूर आनंद भी प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट शिल्प एवं रचनात्मक कार्य प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक,प्रेरणादायक एवं मनोरंजक सिद्ध हुआ।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने रामपुर जिला अस्पताल में 600 बेड का मेडिकल कालेज की शुरूआत होना जरूरी हैं

गुलजार आलम



**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यकर्ता सीएमओ दीपा सिंह से मिला। इस मौके पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि व्यापार मंडल द्वारा रामपुर में मेडिकल कालेज की स्थापना की मांग को लेकर सीएमओ ने डीएम से भूमि अधिग्रहण करवाये जाने के लिए पत्र जारी किया था। मेडिकल कालेज पीपीपी मोड पर शुरू करने के लिए रामपुर जिला अस्पताल में 600 बेड का मेडिकल कालेज की शुरूआत होना जरूरी हैं क्योंकि इसे शुरू न होने से प्रत्येक साल लगभग बीस हजार मौते हो रहीं हैं।

हजारों मरीज जिला अस्पताल से रैफर होने के बाद बाहर निकलते ही दम तोड़ देते हैं क्योंकि जिला अस्पताल में विभिन्न रोगों के चिकित्सक नहीं हैं। अलीगंज बेनजीर गाटा संख्या 476, 781, 782, 783 व 122 जोकि बाग गुलजार ग्राम जगतपुर में स्थित हैं इस जमीन को मेडिकल कालेज की स्थापना के लिए चिन्हित किया गया हैं जो जमीन उद्यान विभाग की हैं। इस पर सभी आवश्यक रिपोर्ट तैयार कर ली गई हैं।

22 दिसंबर 2021 को निदेशक उद्यान एवं खाद प्रसंस्करण को एक पत्र उद्योग विभाग की ओर से भूमि स्थानांतरण मेडिकल कालेज के लिए करने के लिए लिखा गया लेकिन आज तक उस पत्र का उद्यान विभाग की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया हैं। संदीप अग्रवाल सोनी ने बताया कि शीघ्र ही रामपुर में मेडिकल कालेज शुरू कर दिया जायेगा।

# 2.58 करोड़ से होगा दो सड़कों का निमार्ण: आकाश

## शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बीसरी मिश्रीनगर मार्ग और ककरौआ में बनने वाली सड़कों का किया शिलान्यास

गुलजार आलम



**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने ककरौआ और बीसरी में दो मार्गों के नव निर्माण का शिलान्यास किया। 2.58 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले दोनों मार्गों से न सिर्फ गांवों का एक दूसरे से संपर्क बेहतर होगा, बल्कि दूरी भी कम हो जाएगी। सोमवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ग्राम ककरौआ पहुंच गए। यहां उन्होंने मजिस्टेज्ट के बाग से पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज होते हुए आंबेडकर पार्क तक सड़क के नव निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। 1.49 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण पर 85.40 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। वहीं, दूसरा शिलान्यास बीसरी से मिश्रीनगर मार्ग का किया। 3.4 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण में करीब 172.53 लाख रुपए की लागत आएगी। इस अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों और शहरों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है। ककरौआ और बीसरी में बनने वाले इन संपर्क मार्गों से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों का विकास और तेज होगा। उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। बेहतर मार्ग बनने से किसानों को अपनी फसल बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी, विद्यार्थियों और व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। विधायक ने कहा कि जनता से किए गए विकास के हर वादे को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा, ताकि आमजन को जल्द से-जल्द इसका लाभ मिल सके।

> दोनों मार्गों का निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जाएगा। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को बरसात से पूर्व दोनों सड़कों का निर्माण पूरा कराने के लिए कहा गया है। ताकि, ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत हो सके। गौरव कुमार, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड, रामपुर।

# एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण हुई बैठक

## सार्वजनिक भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाया जाएगा: एसडीएम

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** उपजिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य राजस्व ग्रामों में ग्राम पंचायत एवं सार्वजनिक भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाना तथा भूमाफियाओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना रहा।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश देते हुए कहा गया कि तहसील क्षेत्र में स्थित शासकीय एवं सार्वजनिक भूमि का चिन्हीकरण कर उसकी विस्तृत सूची तैयार की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिन भूमि पर अवैध कब्जे पाए गए हैं, वहां तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि पूर्व में की गई कार्रवाई की वर्तमान स्थिति से प्रशासन को अवगत कराया जाए, ताकि सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके।

उपजिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप भूमाफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

बैठक में तहसीलदार रजत कुमार सिंह, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार शर्मा, क्षेत्रीय वनाधिकारी मोदीनगर, सहायक अभियंता सिंचाई गंग नहर मेरठ खंड मेरठ तथा थाना भोजपुर, निवाड़ी, मुरादनगर और मोदीनगर के प्रभारी निरीक्षक उपस्थित रहे।

# मोदीनगर रेलवे स्टेशन का डीआरएम ने किया निरीक्षण, यात्रियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** रेलवे के डीआरएम पी आर त्रिपाठी ने मोदीनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर स्टेशन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने कहा कि मोदीनगर रेलवे स्टेशन पर जल्द ही पैदल पुल (फुट ओवर ब्रिज) की सुविधा को बेहतर बनाया जाएगा, जिससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिल सके। इसके साथ ही जिन ट्रेनों का पहले मोदीनगर स्टेशन पर ठहराव था, उन ट्रेनों के स्टॉप को दोबारा शुरू कराने के प्रयास किए जाएंगे। डीआरएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टेशन की सभी कमियों को जल्द से जल्द दूर किया जाए ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने टिकट घर, यात्री प्रतीक्षालय और अन्य सुविधाओं को दिल्ली के बड़े रेलवे स्टेशनों की तर्ज पर विकसित करने की बात कही। डीआरएम ने साफ कहा कि यात्रियों को आधुनिक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना रेलवे की प्राथमिकता है इस मौके पर त्यागी समाज के अध्यक्ष अरुण त्यागी ने डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें महावीर चक्र विजेता स्वर्गीय मेजर आसाराम त्यागी के नाम का शिलापट्ट पहले की तरह रेलवे स्टेशन पर लगाए जाने की मांग की है।

वरिष्ठ पत्रकार सुभाष शर्मा ने मोदीनगर में सभी ट्रेनों के ठहराव को लेकर एक पत्र सौंपा। इस मौके पर स्टेशन मास्टर शिवकुमार शर्मा सहित रेलवे विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महावीर चक्र विजेता मेजर आसाराम त्यागी की फोटो व जीवन परिचय की शिलापट्ट लगाने की मिली पुनः स्वीकृति



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** रेलवे स्टेशन पर पूर्व में स्थापित महावीर चक्र विजेता मेजर आसाराम त्यागी की जीवन परिचय की शिलापट्ट जो स्टेशन के नवीनीकरण के दौरान हटा दी गई थी आज मोदीनगर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान डी आर एम पी आर त्रिपाठी व एस एस शिवकुमार शर्मा से डॉ अरुण त्यागी अध्यक्ष त्यागी समाज के नेतृत्व में शहर के गणमान्य लोगों द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया जिस पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत ही स्वीकृति प्रदान की इस अवसर पर सुभाष शर्मा, हर्ष मालिक, सुधीर त्यागी, सभासद ललित त्यागी केपी त्यागी प्रधान नवीन त्यागी , विशेष त्यागी, प्रशांत त्यागी समेत भारी संख्या में शहर के लोग उपस्थिति रहे।

# आप पार्टी की रोजगार दो सामाजिक न्याय दो यात्रा का मोदीनगर में किया गया भव्य स्वागत

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो यात्रा का मेरठ से मोदीनगर पहुंचने पर आप पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र मोदीनगर हरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कई स्थानों पर कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो यात्रा 16 मई से मेरठ से चलकर 18 में को मोदीनगर पहुंची।

हरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं में मोदीनगर पहुंचने पर यात्रा का ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। 20 मई को गाजियाबाद पहुंचेगी, संजय सिंह ने केंद्र और भाजपा शासित राज्यों पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में अब तक 93 पेपर लीक हो चुके हैं, जिससे युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। उन्होंने बेरोजगारी, भर्ती घोटालों और सामाजिक न्याय के मुद्दे पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन गरीब, दलित, पिछड़े, रेहड़ी-पटरी वालों और वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में जाति और धर्म के नाम पर भेदभाव किया जा रहा है तथा आरक्षण पर लगातार हमला हो रहा है।

संजय सिंह ने कहा कि पदयात्रा में युवाओं, आशा बहनो, शिक्षामित्रों, रोजगार सेवकों और संविदा कर्मियों की बड़ी भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशान है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।। इस मौके पर समाजसेवी चतरसेन शर्मा राजपाल त्यागी विनोद शर्मा राजेंद्र शर्मा संजीव मलिक मनोज शर्मा रामवीर चौधरी आस मोहम्मद पवन उपाध्याय अश्वनी शर्मा विकास शर्मा प्रदीप प्रजापति संदीप सेन राजन त्यागी सचिन तेवतिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से मिला प्रतिनिधिमंडल



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** बिजली की समस्याओं को लेकर विद्युत विभाग के नवनियुक्त अधिशासी अभियंता से क्षेत्र के लोगों का एक प्रतिनिधि मंडल मिला।मोदीनगर में नव नियुक्त अधिशासी अभियंता धर्मेंद्र से रालोद के क्षेत्रीय महासचिव बिट्टू खंजरपुर अरुण तोमर राहुल प्रधान पप्पन शर्मा आदि ने बुके देकर और शॉल पहनाकर स्वागत किया और बिजली की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया । अधिशासी एवं अभियंता ने बिजली की समस्या को शीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया।

# नींव द स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** नींव द स्कूल में सोमवार को विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ किया गया। वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग, अत्यधिक गर्मी, प्रदूषण एवं लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अमित अग्रवाल, डायरेक्टर जनरल डॉ. अपर्णा शर्मा, वाइस प्रिंसिपल रोमी शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए तथा पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्रबंधक अमित अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बढ़ती गर्मी और ग्लोबल वार्मिंग मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। इससे बचाव का सबसे सरल एवं प्रभावी उपाय अधिक से अधिक वृक्षारोपण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने एक पेड़ झ्र एक जीवन का संदेश देते हुए पर्यावरण सुरक्षा एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर प्रतिनिधि मंडल उप जिलाधिकारी से मिला



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** किसानों की समस्याओं को लेकर किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल उप जिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह से मिला और उन्हें ज्ञापन सोंपा। किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी को किसानों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि किसानों को बकाया गन्ने का भुगतान नहीं होने से किसान बहुत परेशान है और भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। बच्चों की फीस भी टाइम पर जमा नहीं हो पा रही है ,बच्चों की शादी भी टाइम पर नहीं हो पा रही है । किसानों ने कहा कि कस्बा निवाडी क्षेत्र में अभी दो दिन पहले आंधी तूफान व ओलावृष्टि से आम के बागों में भारी नुकसान हुआ है। किसानों के बागों का सर्वे करा कर उसको सरकार को भेजें और उनको मुआवजा दिया जाए। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, अरुण सेन राष्ट्रीय संगठन मंत्री, गौरव त्यागी प्रदेश महासचिव, रोहित त्यागी पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव, युवा जिला अध्यक्ष रोहित चौधरी, तहसील कंपाउंड अध्यक्ष कुलदीप त्यागी, नगर अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी,सुबोध कुमार, मदनलाल फौजी, पूर्व सभासद अवनीश त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# अखिलेश यादव मजहबी एकता, सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों के प्रतीक हैं

वेलकम इंडिया संवाददाता



**जौनपुर।** स्थित पीडीए भवन कटघरा में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक जौनपुर सदर मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि आज देश में अगर कोई नेता सामाजिक न्याय, भाईचारे, लोकतंत्र और मजहबी एकता की मजबूती के लिए सबसे मजबूती से खड़ा है तो वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हैं।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने हमेशा नफरत की राजनीति के खिलाफ मोहब्बत, इंसाफ और संविधान की राजनीति को आगे बढ़ाया है। उन्होंने हर धर्म, हर जाति, हर वर्ग और हर कमजोर तबके को साथ लेकर चलने का काम किया है।

यही वजह है कि आज देश का नौजवान, किसान, मजदूर, पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक और संविधान में विश्वास रखने वाला हर नागरिक अखिलेश यादव की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है।

मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि समाजवादी विचारधारा हमेशा गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की पक्षधर रही है। अखिलेश यादव ने अपने राजनीतिक जीवन में कभी भी समाज को बांटने की राजनीति नहीं की, बल्कि लोगों को जोड़ने और लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि आज देश में बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की बदहाली, सामाजिक भेदभाव और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर बढ़ते दबाव जैसे गंभीर मुद्दे मौजूद हैं, लेकिन जनता का ध्यान असली मुद्दों से हटाने की कोशिश की जा रही है। ऐसे समय में अखिलेश यादव मजबूती से संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की आवाज बनकर खड़े हैं।

मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए आंदोलन सामाजिक बराबरी और हिस्सेदारी की लड़ाई है। यह आंदोलन गरीबों, किसानों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और वंचित समाज को सम्मान और अधिकार दिलाने का आंदोलन है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों, अखिलेश यादव के विजन और पीडीए आंदोलन के संदेश को जनता

# ईंट हटाने की बात पर दबंगों का हमला, दंपति को बेरहमी से पीटा- महिला का सिर फोड़ा

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** नगर की कृष्णानगर कॉलोनी में मामूली विवाद ने रविवार रात हिंसक रूप ले लिया, जब मकान के सामने रखी ईंट हटाने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने एक दंपति पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने पति-पत्नी को बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और महिला के सिर पर ईंट मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल बताया जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कृष्णानगर कॉलोनी निवासी संजय शर्मा ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने लंबे समय से घर के बाहर ईंटें रखी हुई थीं। उनके अनुसार इन ईंटों के कारण आसपास गंदगी जमा हो रही थी और घर के आसपास सांप निकलने की घटनाएं भी बढ़ गई थीं, जिससे परिवार में भय का माहौल बना हुआ था। पीड़ित संजय शर्मा ने बताया कि रविवार रात उन्होंने पड़ोसियों से ईंट हटाने का अनुरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोप है कि पड़ोसी दबंगों ने उन पर हमला कर दिया। संजय शर्मा को लात-घूंसों और डंडों से पीटा जाने लगा। शोर सुनकर जब उनकी पत्नी बीच-बचाव करने पहुंचीं तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने महिला को भी नहीं बख्शा और ईंट उठाकर उसके सिर पर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। मारपीट इतनी बुरी तरह की गई कि दंपति मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। बताया जा रहा है कि पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और घायल दंपति को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद कॉलोनी में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# दहेज के लिए हत्या का आरोप: तीसरी मंजिल से गिरकर विवाहिता की मौत, पिता ने ससुराल पर लगाए गंभीर आरोप

कपिल चौहान



दीपिका नागर, मृतक







**ग्रेटर नोएडा(वेलकम इंडिया)।** वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। परिजनों ने इसे हादसा मानने से इनकार करते हुए ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतका दीपिका नागर की शादी 11 दिसंबर 2024 को जलपुरा निवासी रितिक के साथ हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही 51 लाख रुपये और फॉर्च्यूनर गाड़ी की लगातार मांग की जा रही थी और मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जा रहा था।

पिता संजय नागर, जो दिल्ली जल बोर्ड में कार्यरत हैं, ने बताया कि उन्होंने शादी में लगभग 1 करोड़ रुपये खर्च किए थे और एक स्कॉर्पियो गाड़ी भी दी थी, इसके बावजूद बेटी को लगातार परेशान किया जा रहा था।

17 मई को दीपिका ने फोन पर अपने पिता को बताया था कि उसके साथ मारपीट की जा रही है और दहेज की मांग की जा रही है।

इसके बाद देर रात परिवार को सूचना मिली कि वह छत से गिर गई है और अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि दीपिका की हत्या कर उसके शव को तीसरी मंजिल से नीचे फेंका गया ताकि मामला हादसा दिखाया जा सके।

मृतका के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। पीड़ित परिवार ने ससुर मनोज, सास पूनम, पति रितिक, ननद नेहा व तन्वी तथा अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि ससुर मनोज के तीन निजी स्कूल और प्रॉपर्टी का कारोबार भी है।

पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए पति रितिक और ससुर मनोज को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा मामले की गहन जांच जारी है।

# जनता दर्शन में डीएम का सख्त संदेश: शिकायतों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, बाइक शेयरिंग से दिया ईंधन बचत का संदेश

कपिल चौहान







**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, जीडीए, नगर निगम, विद्युत, स्वास्थ्य एवं निर्माण विभाग से संबंधित शिकायतें सामने आईं, जिन पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया गया, जबकि अन्य शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों से जूम प्लेटफॉर्म के माध्यम से सीधा संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जनता दर्शन कार्यक्रम की लाइव मॉनिटरिंग किए जाने के बीच जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई करने और ऑनलाइन उपलब्ध रहने के निर्देश दिए हैं। वहीं प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ईंधन संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रहे हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आह्वान के अनुरूप वे नियमित रूप से बाइक शेयरिंग के जरिए कार्यालय पहुंच रहे हैं, जिससे आमजन को ईंधन बचत के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

# भीषण गर्मी में अग्निशमन विभाग की मुस्तैदी को मिला सम्मान, 23 कर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र



कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान एवं विद्युत लोड के कारण अग्निकांडों की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए अग्निशमन विभाग द्वारा निरंतर सतर्क रहते हुए त्वरित कार्रवाई कर आग की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा रहा है। इसके साथ ही विभाग द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसकी जनप्रतिनिधियों, उच्चाधिकारियों एवं आमजन द्वारा सराहना की जा रही है।

इसी क्रम में आज दिनांक 18.05.2026 को जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा अग्निशमन विभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राहुल पाल, अग्निशमन अधिकारी (कोतवाली) श्री शेषनाथ यादव, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी (वैशाली) श्री मूलवन्द सिंह सहित कुल 23 कर्मियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों के इस योगदान को शहर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने एवं आपदा नियंत्रण में अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है।

# मुरादनगर नहर हादसा: 5 दिन बाद बरामद हुआ लापता युवक का शव, परिवार में मचा कोहराम

वेलकम इंडिया संवाददाता



मृतक रविन्द्र पाल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के बिहारीपुरा थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक निवासी रविंद्र पाल पुत्र सतपाल का शव मुरादनगर नहर में डूबने के पांच दिन बाद बरामद होने से परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविंद्र 10 मई को मुरादनगर नहर में नहाने गया था, जहां गहरे पानी में जाने के कारण वह डूब गया।

घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को अवगत कराया। इसके बाद पुलिस एवं एनडीआरएफ की टीमों द्वारा लगातार कई दिनों तक सघन तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका।

दिनांक 15/05/2026 को थाना विजयगढ़ क्षेत्र के गोपालपुर पुल के पास अकराबाद की ओर से बहकर आए एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद हुआ, जिसकी उम्र लगभग 30 से 40 वर्ष के बीच बताई गई। बाद में शव की शिनाख्त रविंद्र पाल निवासी बिहारीपुरा, गाजियाबाद के रूप में हुई। शव की पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है तथा आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का पैदल मार्च, पेट्रोल-डीजल और गैस कीमतों पर केंद्र सरकार को घेरा

कपिल चौहान





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद ने बढ़ती महंगाई और पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वृद्धि के विरोध में सोमवार को पैदल मार्च निकालते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और गैस सिलेंडरों की बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग की।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा और महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

ज्ञापन में कहा गया कि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि का असर आम जनता के दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर पड़ रहा है, जिससे महंगाई लगातार बढ़ रही है।

जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के कार्यकाल में जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है और अब पेट्रोल, डीजल व सीएनजी के दाम बढ़ाकर मध्यम एवं निम्न वर्ग की मुश्किलें और बढ़ा दी गई हैं। उन्होंने कहा कि खाद, बीज, बिजली और पानी की समस्याओं से जूझ रहे किसानों पर डीजल मूल्य वृद्धि का अतिरिक्त बोझ डाला गया है।

वहीं महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने आरोप लगाया कि चुनाव समाप्त होने के बाद सरकार ने महंगाई का बोझ जनता पर डालना शुरू कर दिया है।

उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए गृहस्थी चलाना कठिन हो गया है और सरकार को तत्काल मूल्य वृद्धि वापस लेकर राहत देनी चाहिए।

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि कीमतों में वृद्धि वापस नहीं ली गई तो पार्टी जनहित में आंदोलन को और तेज करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 15 हजार के इनामी हत्यारोपी को लोनी पुलिस ने दबोचा, हत्या कांड में था वांछित



कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्र में हुए चर्चित हत्या कांड में फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को लोनी पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को थाना क्षेत्र से पकड़कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 11 अप्रैल 2026 को वादिया ने थाना लोनी में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्त बिलाल व दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसके पति अजीमुद्दीन उर्फ नन्ना की हत्या कर दी। शिकायत के आधार पर थाना लोनी में बीएनएस की धारा 103(1)/3(5) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। घटना के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और मैनुअल इनपुट के आधार पर कार्रवाई करते हुए पहले ही अभियुक्त बिलाल पुत्र अजीमुद्दीन निवासी टोली मोहल्ला, लोनी तथा अभियुक्ता खुशबू पत्नी मुस्तकीम निवासी पटेल नगर, बाबा फरीदपुरी दिल्ली को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। जांच के दौरान मोहम्मद निसार का नाम भी सामने आया था, जिसकी तलाश लगातार जारी थी। पुलिस ने बताया कि रविवार को थाना लोनी पुलिस टीम ने हत्या के मामले में वांछित और 15 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त मोहम्मद निसार पुत्र निजामुद्दीन निवासी जाकिर हुसैन नगर, महाराजगंज रायबरेली को लोनी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# लोनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, गोलीकांड का खुलासा तेज

कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के थाना लोनी पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को थाना क्षेत्र से दबोच लिया है।

जानकारी के मुताबिक, 4 दिसंबर 2025 को थाना लोनी क्षेत्र के बागराणप निवासी कमल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात बदमाशों ने उनके बेटे तरुण को पेट में गोली मार दी थी और मौके से फरार हो गए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना लोनी पुलिस ने तत्काल धारा 109(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

घटना के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और मैनुअल इनपुट के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। जांच के दौरान मामले में महावीर पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम मोहम्मद सादकपुर, थाना बिलारी, जनपद मुरादाबाद का नाम सामने आया। पुलिस टीम ने रविवार 18 मई 2026 को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी महावीर को थाना लोनी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई को लोनी पुलिस की सक्रियता और तकनीकी जांच का परिणाम माना जा रहा है, जिससे लंबे समय से लंबित मामले में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

# गोविंदपुरम में गैस संकट गहराया, सिलेंडर के लिए एजेंसी पर उमड़ी भीड़





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गोविंदपुरम स्थित बीएस गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर की भारी कमी से आम लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि सिलेंडर बुकिंग कराने के बावजूद उन्हें 15 से 20 दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे घरेलू व्यवस्था प्रभावित हो रही है और कई परिवारों के सामने रसोई चलाने का संकट खड़ा हो गया है।

जानकारी के अनुसार, एजेंसी पर बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर की मांग को लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें तत्काल आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। उपभोक्ताओं को एजेंसी की ओर से बताया जा रहा है कि बुकिंग के बाद कम से कम एक सप्ताह में डीएसी नंबर आने की संभावना है, जिसके बाद ही सिलेंडर मिलने की उम्मीद की जा सकती है। ऐसे में सिलेंडर मिलने में लगभग 20 दिन तक का समय लग रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन परिवारों के पास केवल एक गैस सिलेंडर है, उनके सामने सबसे अधिक समस्या खड़ी हो गई है। खासकर गरीब और दैनिक मजदूरी करने वाले परिवारों के लिए यह स्थिति और भी मुश्किल बन गई है, क्योंकि समय पर सिलेंडर नहीं मिलने से घरों के चूल्हे तक बुझने की नौबत आ गई है। नौकरीपेशा लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि एक तरफ नौकरी की जिम्मेदारी है तो दूसरी तरफ एजेंसी के बाहर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, इस उम्मीद में कि शायद सिलेंडर उपलब्ध हो जाए। स्थानीय उपभोक्ताओं ने प्रशासन और संबंधित विभाग से गैस आपूर्ति व्यवस्था को जल्द दुरुस्त करने तथा उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की है।

# तीन अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई, लापरवाही पर पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज, कई निलंबित

कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा कर्तव्य में लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता पर सख्त कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में कई पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## प्रकरण 1

थाना सिहानीगेट क्षेत्रान्तर्गत पुलिस चौकी लोहियानगर क्षेत्र में दिनांक 18-05-2026 की प्रातःकाल हुई चैन स्नैचिंग की घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच में यह पाया गया कि संबंधित पुलिसकर्मियों द्वारा अपने कर्तव्यों का सही प्रकार से निर्वहन नहीं किया गया। इस पर उ0नि0 कमलदेव सिंह (चौकी प्रभारी लोहियानगर), उ0नि0 मनीष वर्मा, मुख्य आरक्षी अजय कुमार एवं आरक्षी रोहित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## प्रकरण 2

थाना कविनगर क्षेत्रान्तर्गत जी-ब्लॉक, गोविन्दपुरम में 15/16-05-2026 की रात्रि/प्रातः हुई चैन स्नैचिंग की घटना के दौरान चीता मोबाइल पर तैनात मुख्य आरक्षी मलखान सिंह द्वारा ड्यूटी में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर उन्हें भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## प्रकरण 3

पुलिस लाइन्स कार्यालय में तैनात उपनिरीक्षक (लिपिक) हरेन्द्र सिंह एवं मुख्य आरक्षी राजीव कुमार द्वारा पत्रावलियों के उचित रख-रखाव एवं व्यवस्थापन में गंभीर लापरवाही बरतने पर उन्हें भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### पुलिस आयुक्त का सख्त संदेश

पुलिस आयुक्त महोदय ने स्पष्ट किया है कि पुलिस बल में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा कमिश्नरेट गाजियाबाद में कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा जनता को आश्वस्त किया गया है कि कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# लिफ्ट के नाम पर लूट मचाने वाले गैंग का भंडाफोड़, 05 शातिर गिरफ्तार

कपिल चौहान



**ग्रेटर नोएडा (सूरजपुर)।** थाना सूरजपुर पुलिस ने एक संगठित अपराध गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए उन 05 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जो लिफ्ट देने के बहाने राहगीरों व टैक्सी चालकों से लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 मोबाइल फोन, 02 कारें (वेन्यू व थार), 4000 रुपये नकद, एक हुंडई कार की चाबी, 02 अवैध तमंचे .315 बोर मय कारतूस तथा 03 अवैध चाकू बरामद किए हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अंकित सिंह, दीपांशु, तरुण ठाकुर, नवाब भाटी उर्फ संदीप भाटी एवं मोहित राजपूत के रूप में हुई है, जिन्हें सेक्टर ईटा-01 के पास से दबोचा गया। पुलिस के अनुसार यह गिरोह रात के समय किराये की गाड़ियों का इस्तेमाल कर पहले राहगीरों को लिफ्ट देने के बहाने गाड़ी में बैठाता था और बाद में मारपीट कर मोबाइल फोन, नकदी व अन्य कीमती सामान लूट लेता था। इतना ही नहीं, टैक्सी चालकों को भी निशाना बनाकर उनसे मोबाइल व नकदी छीनने की घटनाएं की जाती थीं।

घटना में प्रयुक्त वाहनों को अपराध के बाद वापस कर दिया जाता था, जिससे पुलिस को गुमराह किया जा सके। लूटे गए मोबाइल फोन को बेचकर आरोपी अपनी मौज-मस्ती और खर्च पूरे करते थे। दिनांक 16.05.2026 को हुई एक लूट की घटना में भी इन अभियुक्तों की संलिप्तता पाई गई है, जिसके संबंध में थाना सूरजपुर पर मामला पंजीकृत है। बरामद सामान में उसी घटना से संबंधित मोबाइल फोन, नकदी व वाहन चाबी भी शामिल है। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में सक्रिय लूट गिरोहों के खिलाफ एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।